

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | बुधवार, 11 दिसंबर 2024 | वर्ष: 02, अंक: 296 पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए कार्यक्रम तय

**चंडीगढ़**

**हरियाणा के** गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त जस्टिस एच एस भल्ला ने मंगलवार को हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव का कार्यक्रम तय कर दिया है। भल्ला की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन अधिकारी आगामी 18दिसंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी करेंगे। नामांकन दाखिले की तिथि 20 से 28 दिसंबर तक तय की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 30 दिसंबर को की जाएगी। वैध पाए जाने वाले नामांकन पत्रों की सूची एक जनवरी को प्रकाशित की जाएगी।नामांकन पत्रों की वापसी दो जनवरी को दोपहर बाद तीन बजे तक की जा सकेगी। मतदान 19 जनवरी को सुबह आठ से शाम पांच बजे तक कराया जाएगा। मतदान संपन्न होने के तुरन्त बाद मतगणना कराई जाएगी। हरियाणा में पृथक सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन के लिए वर्ष 2814 में अधिनियम पारित किया गया था। इस अधिनियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती गई थी।सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में अधिनियम को वैध ठहराया था।

## 12 हफ्ते में मांगी डॉक्टरों की सुरक्षा पर अंतिम रिपोर्ट

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए नेशनल टास्क फोर्स को निर्देश दिया कि वो डॉक्टरों की सुरक्षा पर अंतिम रिपोर्ट दाखिल करे। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की

# बांग्लादेश: हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

## दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के सामने निकाला मार्च, साधु-संत भी हुए शामिल

### लखनऊ में संघ के अ.भा. संपर्क प्रमुख रामलाल बोले- हिन्दुओं पर अत्याचार बंद हो

**नई दिल्ली**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में पूरे देश में आक्रोश है। इसको लेकर मंगलवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल और असम समेत देशभर में प्रदर्शन किया गया। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, भारतीय जनता पार्टी, अधिवक्ता परिषद, अखिल भारतीय संत समिति, दिल्ली सिविल सोसाइटी और तमाम हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस प्रदर्शन में साधु-संतों ने भी हिस्सा लिया।

प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की रक्षा को लेकर भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से हस्तक्षेप की अपील की। नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के निकट तीन मूर्ति चौक पर दिल्ली सिविल सोसाइटी के साथ दो सौ से अधिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने प्रदर्शन किया। इसमें कई प्रतिष्ठित संतों और ख्यातिलब्ध हस्तियों, पूर्व पुलिस, पूर्व सैन्य और पूर्व न्यायिक अधिकारियों ने केन्द्र सरकार से हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की और बांग्लादेश को इस मुद्दे पर चेताया। विरोध मार्च के दौरान हिन्दुओं का नरसंहार बंद करो, नहीं सहेंगे अब अत्याचार बांग्लादेश कर ले विचार जैसे नारे लगाए गए।





### अल्पसंख्यकों की रक्षा की जिम्मेदारी मोहम्मद यूनुस उठानी होगी: वीना सीकरी

ढाका में भारत की पूर्व उच्चायुक्त वीना सीकरी ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के लिए वहां सरकार चला रहे मोहम्मद यूनुस को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय से हजरतगंज चौराहे तक जनाक्रोश रैली निकाली गयी। रैली से पूर्व, विश्वविद्यालय के छत्रपति शिवाजी मैदान में आक्रोश सभा हुई, जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल समेत विभिन्न मत-पंथ से जुड़े साधु-संतों ने संबोधित किया। इस मौके पर संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने चेतावनी दी कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो




रहे अत्याचार तत्काल बंद हों, अन्यथा बांग्लादेश को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में क्रूरतम अत्याचार हो रहा है। हिन्दुओं की नृशंस हत्या हो रही है। मां-बहनों का अपहरण एवं हत्या हो रही है। हमारी मांग है कि वहां के हिन्दुओं पर अत्याचार बंद हो और इस्कान के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को तुरन्त रिहा किया जाये। बांग्लादेश के हिन्दुओं का आह्वान किया कि हिम्मत से डटे रहो, भारत का हर हिन्दू आपके साथ खड़ा है। रैली के बाद बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति ने हनुमान सेतु के सामने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को सौंपा। उत्तराखंड में देहरादून की सड़कों पर भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के कार्यकताओं, व्यापारियों और बुद्धिजीवियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार को तुरंत रोके जाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र से इस गंभीर मुद्दे पर हस्तक्षेप की भी अपील की। रैली में कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि यह रैली एक वैश्विक संदेश है। मानवाधिकारों का उल्लंघन कहीं भी, कभी भी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसी बांग्लादेश में अत्याचार झेल रहे हिन्दुओं के साथ मजबूती से खड़ा है।

### एमनेस्टी इंटरनेशनल पर हिन्दुओं पर अत्याचार को लेकर उनके रवैए पर सवाल उठाया




**प्रदर्शनकारियों** ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग और एमनेस्टी इंटरनेशनल पर हिन्दुओं पर अत्याचार को लेकर उनके रवैए पर सवाल उठाया। दिल्ली सिविल सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बांग्लादेश उच्चायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा। इसमें भारत और बांग्लादेश के मजबूत और सौहार्दपूर्ण संबंधों की याद दिलाते हुए मांग की गई है कि हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए। ज्ञापन में याद दिलाया गया कि भारत एवं भारत के लोग बांग्लादेश की स्वतंत्रता की लड़ाई में उसके साथ एकजुटता से खड़े रहे हैं। पाकिस्तान के हिंसा, शोषण और नरसंहार से बांग्लादेश को मुक्त करने में भारतीयों ने अपने जीवन का भी बलिदान किया है। इस मौके पर साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि गृह युद्ध की स्थिति होने पर सबसे ज्यादा मार साधु-संतों और महिलाओं को झेलनी पड़ती है। बांग्लादेश में साधु-संतों जैसे-चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी महाराज को जेल में डाला गया। महिलाओं को सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। छोटे-छोटे विषयों को उठाने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं आज हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर चुप क्यों हैं। बौद्ध संत भंते राहुल ने बांग्लादेश में बौद्ध संतों और समाज पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाया।







## शैक्षिक भ्रमण के लिए बच्चों की बस को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर चित्रकूट किया रवाना






**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। समग्र** शिक्षा के अन्तर्गत परीषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति, ठहराव एवं अधिगम स्तर में वृद्धि के लिए सभी स्तर पर निरन्तर प्रयास किये जाने के क्रम में एवं विद्यालयों के प्रति बच्चों की रूचि विकसित किये जाने तथा भारत वर्ष की समृद्ध व पुरातन ऐतिहासिक स्मारक/धरोहर एवं भारतीय संस्कृति की समझ विकसित कर देश के प्रति गौरव की भावना तथा देश प्रेम जागृत करने के उद्देश्य से बच्चों को एक दिवसीय अध्ययन भ्रमण कराये जाने के लिए महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में आज जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी द्वारा एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की बस को हरी झण्डी दिखाकर चित्रकूट जनपद के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों के साथ आत्मिक लगाव के साथ स्नेहिल आशीर्वाद देते हुए बच्चों के साथ घुल-मिलकर संवाद किया गया एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों को यात्रा वृतांत लिखने के लिए प्रेरित भी किया गया तथा भविष्य में ऊँचे सपने देखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही साथ उन्होंने भ्रमण के दौरान शिक्षक/शिक्षिकाओं की देख-रेख में बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी दिये।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा, प्रिन्सिपल, जी0आई0सी0 नीरज केसरी, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा विनय कुमार प्रजापति, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बृजेश सिंह, अरूण कुमार सिंह, अनिल कुमार, जिला समन्वययक योगेश तिवारी, धर्मनाथ, वीरेन्द्र कुमार सहित परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## बीच बचाव करने गए युवक की लाठी लगने से हुई मौत, कई गंभीर

### बाराती और घरातियों में जमकर चले लाठी डंडे

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी।**





**को**खराज थाना क्षेत्र में बाराती और घरातियों में किसी बात को लेकर जमकर लाठी डंडे चले,विवाद में बीच बचाव करने गए युवक की लाठी लगने से मौत हो गई,जबकि कई अन्य घायल है,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई है जांच पड़ताल कर रही है घटना आधी रात की बताई जाती है मौत के बाद कोखराज थानेदार ने पूछताछ के लिए कई रिश्तेदारों को थाने बुलाया है लेकिन अभी तक हत्यारे का पता नहीं चल सका है बताया जाता है कि मृतक दूल्हे के मौसी का दामाद है एक युवक की मौत के बाद दूल्हे दुल्हन की खबर लिखे जाने तक विदाई नहीं हो सकी है। कोखराज थाना क्षेत्र के बघेलापुर गांव में चरवा थाना क्षेत्र के पकसराई गांव से सोमवार को बारात आई हुई थी,बारात में नशे की हालत में बाराती एवं घरातियों में किसी गम्भीर बात को लेकर विवाद हो गया और जमकर लाठी डंडे चलने लगे,बीच-बचाव के दौरान दावत में शामिल होने आए बब्लू उम्र 35 वर्ष पुत्र बासदेव निवासी बंधवा थाना करारी को गंभीर चोट लग गई,जिसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि रोहित सहित कई और लोगों को चोट आई है और वह घायल है।घटना के बाद गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की छानबीन में जुटी हुई है।

बुजुर्ग समाज के अहम हिस्सा : रूचि तिवारी

## नैनी के वृद्धाश्रम में शिवसेना की प्रदेश सचिव ने जन्म दिन पर किया कंबल वितरण

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने अपने जन्मदिन पर मंगलवार को आधारशिला वृद्धाश्रम में जरूरतमंद बुजुर्गों को कंबल के साथ मिठाई व फल वितरित किया। इस अवसर पर शिव सेना प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने बुजुर्गों के प्रति सम्मान और सेवा की भावना पर जोर देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में बुजुर्गों को सम्मान देने और उनकी सेवा करने की परंपरा रही है। वृद्धाश्रम में रहने वाले यह बुजुर्ग हमारे समाज का अहम हिस्सा हैं। उनकी देखभाल करना और उन्हें सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।



उन्होंने कहा कि सर्दियों में किसी को भी ठंड से तकलीफ नहीं होनी चाहिए। यह कंबल वितरण न केवल हमारी सामाजिक जिम्मेदारी को दशार्ता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि बुजुर्ग समाज के प्रति हमारी प्राथमिकता हैं। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों ने शिवसेना की इस पहल की सराहना की और प्रदेश सचिव रुचि तिवारी के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। शिवसेना कार्यकताओं ने भी इस अवसर पर समाज के कमजोर वर्गों की सेवा जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिवसेना कार्यकर्ता अमित मिश्र, प्रमोद कुमार तिवारी उर्फ पिंटू और अजय सिंह उर्फ अज्जू सहित स्थानीय लोग शामिल हुए। आधारशिला के प्रबंधक शीतला प्रसाद श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 12 साल के बच्चे को तीस हजार में खरीदा, कारोबारी गिरफ्तार



**गौरव मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
कानपुर नगर। एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया जहां एक कारोबारी 12 साल के बच्चे को खरीद कर उससे बाल मजदूरी करा रहा था।बच्चे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। मामला गोविंदनगर थाने का है। वहीं आरोपी के गिरफ्तार होने के बाद जब पूरी घटना सामने आई तो पुलिस के होश उड़ गए।
कारोबारी ने एक एजेंसी के माध्यम से 30 हजार रुपए में बच्चे को खरीदा था और उससे टॉयलेट साफ करवाने, झाड़ू पोछा लगवाने के साथ ही पूरा घर का काम कराता था और काम न करने पर मारपीट करता था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना को लेकर गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि सोमवार रात डायल 112 पर सूचना मिली कि गोविंद नगर के बी ब्लॉक में फर्नीचर कारोबारी अंकित आनंद के घर में मेरे 12 साल के बच्चे को बंधक बनाकर मजदूरी करवाई जाती है। विरोध करने पर उसे बेरहमी से पीटते हैं। सूचना पर जब पुलिस घर पहुंची तो दंग रह गई।

घर से 12 साल का बच्चा बरामद हुआ और गाल में चोट के निशान थे। पुलिस में से पूछताछ में बच्चे ने बताया कि मेरा नाम बाबुल है मेरे पापा का नाम भगवान मेहतो उर्फ रामू है।मैं बिहार के मोतीहारी का रहने वाला हूं। अपने मां-बाप के साथ गुड़गांव में रहता था। लगभग 3 महीने पहले मुझे पैसे कमाने का लालच देते हुए एक व्यक्ति जिसका नाम पप्पू यादव है उसने मुझे और मेरे चचेरे भाई दिव्यांशु को लखनऊ आलमबाग के रहने वाले सुनील मलिक के घर पर काम करने के लिए छोड़ दिया था।बच्चे ने बताया यहां मेरे और चचेरे भाई से घर के टॉयलेट की साफ सफाई के साथ घर के काम करवाए जाते थे लेकिन मुझे रुपए नहीं मिलते हैं।इसके बाद मुझे लखनऊ से कानपुर में अंकित आनंद के घर छोड़ दिया।तब से हम साक्षी आनंद और अंकित आनंद के बच्चों की देखभाल करता हूं। पूरे घर की साफ सफाई करता हूं। मैंने होली पर घर जाने के लिए कहा था लेकिन कल साक्षी दीदी ने मुझे घर से जाने के लिए मना कर दिया। यह बात मैंने अपने घर पर बता दी। इस पर साक्षी दीदी ने मुझे बहुत पीटा था। बच्चे बाबुल ने बताया साक्षी दीदी छोटी-छोटी बात पर बेरहमी से पिटाई करती हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी अंकित आनंद को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस की जांच में भी पता चला है कि बच्चों को 30 हजार में एक कंपनी के जरिए लखनऊ के रहने वाले सुनील मलिक से खरीदा था जो कि अंकित आनद के रिश्ते में ससुर लगते हैं।

डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि बच्चों के शोषण की जानकारी मिली थी। बच्चे का मेडिकल भी कराया जा रहा है।स्थानीय पुलिस की ओर से चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एक अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा रहा हैं। साथ ही पुलिस ने जिस 12 साल के बच्चे को बरामद किया है।उसका एक भाई दिव्यांशु आलमबाग में रहता है।जिसको बरामद करने के लिए पुलिस की एक टीम लखनऊ भी गई है। साथ ही बच्चे की खरीद फरोख्त करने वाले अंकित आनंद के ससुर के खिलाफ भी पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

# जानलेवा हमले में वांछित तीन आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**हंडिया।**
**डी**सीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देश पर हंडिया कोतवाली पुलिस जानलेवा हमले में वांछित चल रहे तीन आरोपी को मंगलवार गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।
प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी आरोपियों की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास में वांछित तीन अभियुक्त राकेश पाल पुत्र मुन्नीलाल पाल निवासी ग्राम जलालपुर बरौत थाना हण्डिया. मुकेश पाल पुत्र जन्तलाल पाल. दिनेश पाल पुत्र बसन्तलाल पाल




निवासीगण किरांव थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जलालपुर से समय करीब 11.10 वजे गिरफ्तार किया कर विधिक कार्यवाही की जा रही।
**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**
प्र०नि० बृजकिशोर गौतम थाना हण्डिया, चौकी प्रभारी बरौत सौरभ पाण्डेय. उ0नि0 उदयनारायण थाना हण्डिया कमि० प्रयागराज ।

## जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सोरांव बना ओवरआल चैंपियन



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराजः** बेसिक स्कूलों की जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राथमिक स्तर पर होलागढ़ विकासखंड के मो. वारिश ने जीती। बालिका वर्ग में भी इसी विकासखंड की सगुन मिश्र ने परचम लहराया। उच्च प्राथमिक स्तर पर सोरांव के उज्ज्वल मिश्र व बहादुरपुर की दिव्यांशी ने चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। ओवरआल चैंपियन सोरांव विकासखंड रहा। उसे कुल 384 अंक मिले जबकि कौड़िहार और कोरांव की टीमें क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। उन्हें क्रमशः 106 व 72 अंक प्राप्त हुए। पीटी में उरुवा प्रथम और सैदाबाद के विद्यार्थी द्वितीय रहे।
दो दिन चले इस आयोजन में लोकनृत्य, लोकगीत, अंत्याक्षरी, राष्ट्रीय एकांकी, पीटी , श्रुत लेख जैसी स्पधाएँ भी हुईं। लोकनृत्य में सोरांव, धनूपुर व चाका, लोकगीत में उरुवा, कौड़िहार व सोरांव की टीम क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रही। अंत्याक्षरी में प्रतापपुर, सोरांव, कौड़िहार, राष्ट्रीय एकांकी में धनुपुर, कोरांव, प्रतापपुर, श्रुतलेख में आरुष, रोशनी व वर्षा निर्मल ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को जिला विकास अधिकारी भोलानाथ ने पुरस्कृत किया। कहा, ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को मंच देते हैं। प्रत्येक विद्यालय में गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता है। इससे नई प्रतिभाएं मिलेंगी। शुरू से ही छात्र छात्राएं कुछ बेहतर करने के लिए प्रेरित होंगे। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिता संपन्न हुई। आयोजन में सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी , समस्त खंड शिक्षा अधिकारी,मिड डे मील समन्वयक राजीव त्रिपाठी व अन्य समन्वयक गण ने सहयोग दिया। मंच संचालन बबिता वर्मा व दिलीप मिश्र ने किया।

## महिला अपराध की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी । पुलिस अ**धीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक / आरक्षियों द्वारा चौराहों / बस स्टैण्ड / टैक्सी स्टैण्ड / जिला अस्पताल / विद्यालय / गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस क्रम में महिला थाना पुलिस टीम द्वारा छेदीगंज इंटर कॉलेज कड़ा, थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस टीम द्वारा इस्लामिया इंटर कॉलेज अफजलपुरवारी में, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण कर, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा कस्बा मंझनपुर बाजार/चौराहे पर* भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा* आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## मैलहन शिव मंदिर के नल की खराब टोटी प्रिंस ने बदलवाई

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर। फू**लपुर क्षेत्र के मैलहन बाजार में प्राचीन शिव मंदिर के पास लगे नल की टोटी काफी दिनों से खराब होने के कारण हमेशा फालतू का पानी बहता रहता था लेकिन उक्त बाजार का छोटा बालक प्रिंस ने इस कहावत को चरितार्थ करते हुए राम का नाम सदा मिसरी,सोवत जागत न बिसरी, का जाप करने वालों की 14 वर्षीय प्रिंस हेलवाई ने मंगलवार को उस समय एक मिशाल पेश करते हुए गहरा आघात पहुंचाया। जब महीनों से खराब मंदिर की नल की टोंटी जो कई माह से खराब थी। उसे प्रिंस ने अपने जेब खर्च से बचा कर रखे पैसे से बदलवाई। प्रिंस के हौसले को लोगों ने सलाम किया। बता दे की महीनों से अधिक मंदिर के नल की टोटी खराब हो गई थी। जिससे दिन रात पानी बहता रहता था। समाजसेवी महमूद भाई ने स्वयं लोगों से नल में टोटी लगवाने की इच्छा जताई थी जो बात प्रिंस को गहरा आघात के रूप में लगी थी और उसने प्रण करते हुए उक्त नल की टोटी बदलवा कर नया कीर्ति मान कर दिखाते हुए एक नई मिशाल पेश किया जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।



## मिशन शक्ति दीदी ने चौपाल लगाकर किया जागरूक

सबसे तेज प्रयागराज
बाराबंकी। एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन




(1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आपरेशन नशा मुक्ति के तहत शराबी नशेडी एवं अन्य प्रकार के मादक पदार्थ के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही व संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

## दो पुत्रों के बीच बंटवारे को लेकर रुकी माँ की अंतिम यात्रा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी। को**खराज क्षेत्र के काकराबाद ग्राम में सोमवार की सुबह 7 बजे सुमित्रा देवी वर्मा उम्र 70 वर्ष पत्नी शिव आसरे वर्मा की मौत हो गयी थी जिसकी सूचना छोटे बेटे सुशील वर्मा ने तमाम रिस्तेदारों को दिया जिस पर सभी लोगों ने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू करने को कहा वही बड़े लड़के ब्रजेश ने सम्पत्ति बटवारे को लेकर विवाद सुरु कर दिया कि पहले सम्पत्ति का बंटवारा हो जाये घर मे ताला लगाकर बन्द कर दिया और मृतक माँ का शव घर मे दो दिन पड़ा रहा मंगलवार को फिर



आपसी बटवारे का विवाद हुआ जिसकी सूचना पुलिस को ग्रामीणों ने दिया जिस पर 112 डायल व कोखराज पुलिस ने मौके पर पहुँच कर दोनों को अंतिम संस्कार करने के बाद आपसी समझौता से संपत्ति बंटवारे का निर्देश दिया और पुलिस ने कहा कि पहले अंतिम संस्कार करो पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दोनों भाइयों ने मां का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्त मोनू उर्फ गिरजाशंकर पुत्र नन्दलाल नि0 ग्राम सौंह थाना कल्यानपुर जपनद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस अधी**क्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क दुर्घटना को कम किए जाने के लिए दिनांक 01.12.2024 से 15.12.2024 तक तीव्रगति से चलने वाले वाहन तथा उल्टा दिशा में चलने वाले वाहनों पर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के क्रम में



यातायात प्रभारी लाल जी सविता एवं यातायात पुलिस द्वारा उपरोक्त वाहनों पर कार्यवाही करते हुए तथा ट्रैक्टर ट्राली आदि माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया इसके साथ-साथ दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, सवारी ई रिक्शा पर माल को ढोने वाले ई-रिक्शा, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग न कर वाहन चलाने वाले वाहनों तथा टेंपो टैक्सी के द्वारा स्कूली छात्र छात्रों का परिवहन करने वाले अवैध वाहनों की सघनता से चेकिंग कर कार्रवाई की गई तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई ।

## छात्र छात्राएं शोहदों के खिलाफ बिना डरे करें शिकायत



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित मिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया ।

**1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया**

# महाकुम्भ 2025 में श्रद्धालुओं सुविधा के लिए टूर गाइड्स को किया जा रहा प्रशिक्षित



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। महाकुं**भ 2025 प्रयागराज में पर्यटकों एवं तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु गाइड ,वोटमैन, वेंडर्स, एवं टैक्सी ड्राइवरों को यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान लखनऊ द्वारा प्रयागराज में विकास भवन के सरस हॉल में महाकुम्भ में सरल सुगम यातायात हेतु पुलिस उपायुक्त यातायात नीरज पाण्डेय वा अपर पुलिस उपायुक्त कुलदीप सिंह के निर्देशन में यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय द्वारा यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया गया। उनके द्वारा बताया गया की जो भी श्रद्धालु जिस भी मार्ग से आ रहे हो उन्हे सुगमता पूर्वक संगम या अन्य स्नान घाट तक पहुंचाए और मेले में वाहनों को चैराहों से उचित दूरी पर खड़ा होने के लिए उनके ड्राइवरों को बताए और स्नेहपूर्वक श्रद्धालुओं से चौराहे पर न खड़े होने को बताएं। मेले के निकटतम रेलवे स्टेशन के नाम वा दूरी की जानकारी अवश्य रखें साथ ही साथ क्षेत्र में ड्यूटी लगाई जाए उस सर्किल के एसएचओ,चौकी प्रभारी का नंबर जरूर सेव रखें मेले में किसी भी तरह के अफवाह को न फैलने दें जिससे भगदड़ की संभावना न होने पाए,यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति ,या कोई अप्रिय घटना घटित होती हैं तो आपने मोबाइल से अपना लाइव लोकेशन उच्च अधिकारियों को भेज कर डिटेल लिखकर अवगत कराएं। आपस के सहयोगी साथियों के साथ एक ग्रुप बना लें जो असुविधा हो आपस में समन्वय बनाए रखें, वसुधैव कुटुंबकम् सेवा भाव से मेले में जो भी नियम बनाए जाएंगे उसका पालन करें। जिस घाट पर छमता से अधिक भीड़ हो उन घाटों पर न जाने के श्रद्धालुओ से अपील करें और प्रशासन का सहयोग करें असुविधा होने पर मदद भी लेते रहें और शालीनता पूर्वक पालन कराएं। दूर दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के प्रमुख मार्ग का भी ध्यान रखें और उनकी भाषा से भी यह समझ लीजिए की ये व्यक्ति किस राज्य का होगा उसे उसी रूट के तरफ का रास्ता बताएं।हर रूट के वाहन पार्किंग की भी जानकारी याद रखने की आवश्यकता है अतिथि देवो भव की भावना से मेले में अपना योगदान दें।जो अपने सगे संबंधियों से बिछड़ गए हो उन्हे साउंड सिस्टम से पुकारा कराएं और भूले भटके शिविर में भेजवा दें,मेले के दौरान शहर के प्रमुख चैराहों के वर्तमान नाम से ही नाम लें जिससे लोगों को सही स्थान तक ले जाया जा सके, संदिग्ध व्यक्तियों के दिखने पर प्रशासन को सूचना दें, जिससे मेले में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। आप सभी के अच्छे आचरण, ईमानदारी,प्रेम व्यवहार से ही मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के नजर में प्रायगराज की छवि उत्तम बन सकती हैं इसलिए आप सभी लोग प्रयागराज को मात्र मेले तक ही पर्यटन के केंद्र न बनने दें हमेशा था टूरिस्ट आए और जिससे प्रयागराज हमेशा टूरिस्ट का केंद्र बन जाए जिससे सभी को लाभ भी होगा। और देश विदेश में तीर्थराज प्रयागराज की अलग पहचान बनेगी। यह आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर प्रखर तिवारी के उपस्थिति में किया गया।जिसमें नितीश शुक्ल,प्रदीप दुबे, रजित कुमार,संदीप शुक्ल सतेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

## पास्को एक्ट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी** । पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर असंद्रा पुलिस क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर पास्को एक्ट में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया। थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अमित कुमार उर्फ घण्टी पुत्र श्यामलाल निवासी रसूलपुर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

## चार अभियुक्त गिरफ्तार, कच्ची शराब बरामद

**बाराबंकी। पुलिस** अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर कच्ची शराब बनाने वाले के खिलाफ अभियान चलाकर चार लोगों को गिरफ्तार कर कच्ची शराब बरामद करते हुए लिखा पड़ी किया। थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा देर रात को अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम अनवारी थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी, प्रमिला पत्नी राजन कंजड़ निवासी बेहड़पुरवा थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 15 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इसी प्रकार थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण विजय करन पुत्र विश्वनाथ निवासी ग्राम मल्लाहन पुरवा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी, रामसेवक पुत्र स्व0 रामकिशुन निवासी वीरभान पुरवा मजरे जारमऊ थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 20 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।

## जानलेवा हमले में वांछित तीन आरोपी गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**हंडिया। डीसीपी** गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देश पर हंडिया कोतवाली पुलिस जानलेवा हमले में वांछित चल रहे तीन आरोपी को मंगलवार गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी आरोपियों की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास में वांछित तीन अभियुक्त राकेश पाल पुत्र मुन्नीलाल पाल निवासी ग्राम जलालपुर बरौत थाना हण्डिया. मुकेश पाल पुत्र जन्तलाल पाल. दिनेश पाल पुत्र बसन्तलाल पाल निवासीगण किरांव थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जलालपुर से समय करीब 11.10 वजे गिरफ्तार किया कर विधिक कार्यवाही की जा रही।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**
प्र०नि० बृजकिशोर गौतम थाना हण्डिया, चौकी प्रभारी बरौत सौरभ पाण्डेय. उ0नि0 उदयनारायण थाना हण्डिया कमि० प्रयागराज ।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड की ली सलामी, दिए निर्देश





**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं, डीसीआर, डायल 112 कार्यालय, टॉयलेट तथा मेंस आदि का निरीक्षण कर संबंधित साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## महिला संबंधित विवेचना का जल्द करें निस्तारण-एसपी



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।**
**मंगलवार** को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल द्वारा पुलिस कार्यालय में अधिक समय से लंबित विवेचनाओं तथा पुरुस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बंध में विवेचकों का अर्दली रुम किया गया।
सम्बंधित विवेचकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

**लंबित विवेचनाओं तथा पुरुस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बंध में विवेचकों का अर्दली रुम किया गया**

## एएसपी ने समस्त थानें के महिला बीट आरक्षियों के साथ की गोष्ठी



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक कौशांबी राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय के सभागार में जनपद के समस्त थानें के महिला बीट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा उपस्थित महिला बीट अधिकारियों से बीट में भ्रमण से संबंधी फीडबैक लिया गया तथा उनको अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं/बालिकाओं की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित एवं विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए गए तथा जिन समस्याओं का निस्तारण उनके स्तर से संभव न हो तो अपने उच्चाधिकारियों को समस्या के बारे में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही एएसपी द्वारा महिला बीट अधिकारियों को अपने बीट रजिस्टर अध्यावधिक रखने हेतु निर्देश दिए।

# इंटेलिजेंस विंग व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जुआ खेलने वाले 8 अभियुक्त गिरफ्तार, लाखों रुपए नगदी बरामद

**अभियुक्तगणों को हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते मय मालफड़ 1,46,500/-रुपए व जामा तलाश 15,200 /- रुपए व 52 अदद ताश की पत्ते के साथ गिरफ्तार किया गया**



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे
अभियान के क्रम में मंगलवार को इटेलीजेंस टीम व थाना कोतवली नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 08 अभियुक्तगणों को हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते मय मालफड़ 1,46,500/-रुपए व जामा तलाश 15,200 /- रुपए व 52 अदद ताश की पत्ते के साथ गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार किए गए अभियुक्त**
शीबू उर्फ शहनवाज पुत्र स्व० मो० नासिर निवासी खेलदार इमलियाबाग थाना कोतवाली. लतीफ अहमद पुत्र स्व० सफीक अहमद निवासी मोहल्ला महाजरी, मुराइनटोला,. आशीफ पुत्र अबरार निवासी मासवानी. शिवा दीक्षित पुत्र स्व० अरुण कुमार दीक्षित निवासी जूली सिंह वाली गली आईटीआई रोड, हरिहरगंज थाना कोतवली. शिवम त्रिपाठी पुत्र महेश प्रसाद त्रिपाठी निवासी गौतम नगर हरिहरगंज. बलराम पुत्र स्व० ज्ञानचंद निवासी शांतिनगर ज्वालागंज, कफील अहमद पुत्र स्व० अजीज अहमद निवासी सैय्यदबाडा, आबूनगर थाना कोतवाली . महताब पुत्र शोहराब खान निवासी घोसियाना, ज्वालागंज थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**
**इंटेलीजेंस टीम**
निरीक्षक अरुण कुमार चतुर्वेदी प्रभारी इंटेलीजेंस विंग, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर तारकेश्वर राय, उ0नि0 विनीत कुमार उपाध्याय, प्रभारी चौकी आबूनगर. उ0नि0 विनोद कुमार सिंह, प्रभारी चौकी बाकरगंज थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर।

## संपादक की कलम से

### बीमा सखी योजनाः ग्रामीण महिलाओं को बनायेगी सशक्त

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसम्बर को पानीपत का दौरा और बीमा सखी योजना शुरू किया , जिसका उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जल्द ही इसकी विस्तृत जानकारी देंगे। 9 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना की शुरूआत करेंगे, जिसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत, महिलाएँ जीवन बीमा निगम की एजेंट बनेंगी, जिससे वे बीमा बेच सकेंगी और आय अर्जित कर सकेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। बीमा सखी योजना महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा पर केंद्रित है, जो महिलाओं के लिए बीमा कवरेज को बढ़ावा देती है। यह योजना महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना है।

यह योजना वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा उत्पादों तक पहुँच प्राप्त होगी, जो कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। इस सहायता का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। इस लॉन्च से महिलाओं के सशक्त होने की उम्मीद है। यह लैंगिक समानता के बारे में एक मजबूत संदेश भेजेगा। यह पहल महिलाओं के अधिकारों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है। बीमा सखी योजना पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत चुनी गई महिलाएँ एलआईसी एजेंट के रूप में काम करेंगी और अपने समुदायों में बीमा सेवाएँ प्रदान करेंगी। इससे न केवल महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा बल्कि वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से गहरा नाता है, अक्सर वे इसे महत्त्वपूर्ण पहलों के लिए लॉन्चिंग ग्राउंड के रूप में चुनते हैं। 2015 में पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन की शुरूआत सहित मोदी के अभियानों के साथ राज्य का इतिहास महिलाओं के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक मिसाल कायम करता है। महिलाओं के अधिकारों पर ध्यान देने के लिए जाना जाने वाला हरियाणा एक बार फिर सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की राज्य की विरासत को और मजबूत करेगी। बीमा सखी योजना राज्य की सफल महिला-केंद्रित नीतियों के पोर्टफोलियो में शामिल होगी और समावेशी विकास पर बढ़ते फोकस को दर्शाएगी। नारी शक्ति पर सरकार के जोर को लोकसभा में पारित नारी शक्ति वंदन विधेयक जैसे प्रयासों के माध्यम से मजबूत किया गया, जिसमें महिलाओं को 33% आरक्षण दिया गया।

बीमा सखी योजना ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक प्रगतिशील पहल है। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। यह योजना लैंगिक समानता और महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप है। यह वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह पहल वित्तीय सेवाओं में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करते हुए स्थायी आजीविका बनाने का प्रयास करती है। इस योजना से महिलाओं को वित्तीय मुख्यधारा में एकीकृत करके ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। लैंगिक समानताः यह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और अब बीमा सखी जैसी पहलों के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। एक स्थिर आय और करियर पथ प्रदान करके, कार्यक्रम कमजोर समुदायों की महिलाओं का उत्थान करना चाहता है।

पात्र महिलाओं को योजना के बारे में सूचित करने के लिए प्रभावी संचार रणनीतियाँ आवश्यक हैं। योजना की सफलता के लिए वेतन और कमीशन का समय पर वितरण सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है। बीमा क्षेत्र में अपनी भूमिका को बनाए रखने और विस्तारित करने के लिए महिला एजेंटों के लिए एक मजबूत सहायता प्रणाली का निर्माण करना। आवेदक भारतीय नागरिक होने चाहिए। न्यूनतम योग्यता 10वीं या 12वीं कक्षा की होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर, शैक्षिक प्रमाण पत्र शामिल हैं और महिलाओं को ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों की निवासी होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को बीमा सखी के रूप में तैयार करने के लिए जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदान किए गए विशेष प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है। प्रशिक्षण के सफल समापन पर प्रमाणन प्रदान किया जाता है। एक निश्चित मासिक वेतनः पहले वर्ष में ?7, 000, दूसरे में ?6, 000 और तीसरे वर्ष में ?5, 000 और बेची गई बीमा पॉलिसियों पर कमीशन के माध्यम से अतिरिक्त आय मिलेगी। आयोगों और नीति-सम्बंधी अपडेट की निगरानी के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म। कौशल और ज्ञान को उन्नत करने के लिए नियमित कार्यशालाएँ। देश भर में 35, 000 महिलाओं को शामिल करने की प्रारंभिक योजना। हरियाणा का पानीपत, महिला सशक्तिकरण पर अपने ऐतिहासिक जोर के कारण इस योजना का लॉन्चपैड है।

### हेल्दी डाइट से मिल सकती है लंबे समय से चले आ रहे दर्द में राहतः अध्ययन

स्वस्थ आहार के अभी तक कई फायदे सामने आ चुके हैं। इससे न केवल शरीर की मौजूदा स्थिति बेहतर रहती है बल्कि यह लंबे समय से चले आ रहे दर्द को भी कम करता है। एक ऑस्ट्रेलियाई शोध के अनुसार, स्वस्थ आहार अपनाने से पुराने दर्द (क्रॉनिक पेन) में काफी राहत मिल सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया के शोधकताओं ने पाया कि अगर लोग ऑस्ट्रेलियाई डाइटरी गाइडलाइंस के अनुसार भोजन करें, तो उनके शरीर में दर्द का स्तर कम हो सकता है। खासतौर पर महिलाओं में यह और भी स्पष्ट है। क्रॉनिक पेन वह दर्द है जो शरीर में लंबे समय तक रहते हैं। यह कभी-कभी कम होते हैं तो कभी काफी तेज हो जाते हैं। इनके इलाज में खास मदद नहीं मिलती और यह लंबे समय तक बने रहते हैं। अच्छे आहार से इस प्रकार के दर्द की तीव्रता में कमी आ सकती है। शोध की सह-लेखिका सुए वार्ड ने कहा, यह सभी जानते हैं कि अच्छा खाना स्वास्थ्य और भलाई के लिए फायदेमंद है। लेकिन यह जानना कि साधारण डाइट बदलाव पुराने दर्द को कम कर सकते हैं, जीवन बदलने जैसा हो सकता है। पिछले शोधों में पता चला है कि दुनियाभर में 30% से अधिक लोग पुरानी दर्द से पीड़ित हैं, जिसमें महिलाएं और अधिक वजन वाले लोग ज्यादा प्रभावित होते हैं। नए शोध में पाया गया कि अगर लोग अधिक मात्रा में मुख्य खाद्य पदार्थ जैसे सब्जियां, फल, अनाज, बिना चर्बी वाला मांस, डेयरी और अन्य विकल्प खाएं, तो यह दर्द को कम करता है। अच्छी बात यह है कि इसमें सभी प्रकार के वजन वाले लोग शामिल हैं। वार्ड ने कहा, यह जानना बेहद महत्वपूर्ण है कि भोजन के सही चुनाव और डाइट की गुणवत्ता न केवल शरीर को स्वस्थ बनाती है, बल्कि दर्द को भी कम करती है। यह भी पाया गया कि महिलाओं के लिए स्वस्थ डाइट का असर दर्द कम करने में पुरुषों की तुलना में अधिक होता है। शोधकताओं का मानना है कि मुख्य खाद्य पदार्थों में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण दर्द कम करने में सहायक हो सकते हैं। हालांकि, वे इस पर पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि खराब डाइट दर्द बढ़ाती है या दर्द की वजह से डाइट खराब होती है।

# आरबीआई ने विकास की तुलना में मुद्रास्फीति नियंत्रण को अधिक महत्व दिया

- अंजन रॉय



खरीफ फसल उत्पादन और बेहतर रबी बुवाई से कृषि विकास को समर्थन मिल रहा है। औद्योगिक गतिविधि के सामान्य होने और पिछली तिमाही के निचले स्तर से उबरने की उम्मीद है। आरबीआई को उम्मीद है कि मानसून सीजन के खत्म होने और सरकारी पूंजीगत व्यय में अपेक्षित तेजी से सीमेंट और लोहा एवं इस्पात क्षेत्रों को कुछ प्रोत्साहन मिल सकता है। मानसून से जुड़ी बाधाओं के बाद खनन और बिजली के भी सामान्य होने की उम्मीद है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था की मंदी और बढ़ती मूल्य रेखा के मद्देनजर अर्थशास्त्रियों और नीति विशेषज्ञों के बीच बहस छिड़ी हुई थी, जिसके बीच आरबीआई ने स्पष्ट रूप से दरों में ढील के चक्र को शुरू करने के लिए जीडीपी वृद्धि में गिरावट पर ध्यान देने के बजाय मुद्रास्फीति नियंत्रण पर का रुख चुना है। आरबीआई ने नीतिगत रेपो दर को 6.5प्रतिशत पर रखा। जो लोग विकास दर को नीति के सर्वोच्च उद्देश्य के रूप में देखने की उम्मीद कर रहे थे, वे संभवतः निराश हुए होंगे।

मुद्रास्फीति-विकास दुविधा नीति कथा में कोई नयी बात नहीं है। इस बार इसने एक नयी तत्परता दिखाई, क्योंकि दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था की गति में तेज गिरावट को स्पष्ट रूप से दशार्या।

रिजर्व बैंक ने इस बहस में स्पष्ट रूप से सावधानी और रूढ़िवाद का पक्ष लिया है। शुक्रवार, 6 दिसंबर को घोषित अपनी मौद्रिक नीति में, आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने दरों में कटौती की मांगों को स्वीकार करने के बजाय अपरिवर्तित नीति के साथ मौजूदा नीति रुख को बनाये रखने का पक्ष लिया है।

चालू वित्त वर्ष के अधिकांश भाग के लिए कीमतें आरबीआई के 4प्रतिशत (प्लस/माइनस 2 प्रश) के सहनीय बैंड से ऊपर लगातार बढ़ रही हैं। बैंड का मतलब एक आरामदायक क्षेत्र है। हालांकि, अगर मूल्य वृद्धि दर लगातार ऊपरी सीमा से ऊपर बनी रहती है, भले ही बहुत अधिक न हो, तो इसके बारे में आत्मसंतुष्ट होना मुश्किल हो जाता है।

अधिक महत्वपूर्ण मूल्य वृद्धि की प्रकृति है। खाद्य कीमतों में लगातार मजबूत वृद्धि से समग्र मुद्रास्फीति अत्यधिक प्रभावित हो रही है। चूंकि इन वस्तुओं का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में लगभग 50प्रश भार है, इसलिए समग्र सूचकांक जोरदार तरीके से बढ़ रहा है। खाद्य और ईंधन मुद्रास्फीति को छोड़ दें, जिसे आम तौर पर कोर मुद्रास्फीति कहा जाता है, तो यह वृद्धि उतनी मजबूत नहीं है।

हालांकि, रिजर्व बैंक को उम्मीद नहीं है कि फरवरी के अंत और अगले साल मार्च की शुरूआत से पहले खाद्य कीमतों में कमी आयेगी। इसलिए, जब तक कि सर्दियों की खरीफ फसलें बाजार में नहीं आ जातीं, रिजर्व बैंक स्पष्ट रूप से शांत रहना चाहता है।

कीमतों में मौजूदा वृद्धि की प्रकृति को समझने के लिए आइए मूल्य मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर थोड़ा गौर करें।

रिजर्व बैंक अपनी नीति निर्माण के लिए मुद्रास्फीति के माप के रूप में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक झ्रसीपीआई- को लेता है। उस संदर्भ में सीपीआई में उतार-चढ़ाव महत्वपूर्ण हैं। यह याद रखना भी उचित है कि खाद्य मुद्रास्फीति ही आम लोगों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाती है और समाज के सबसे कमजोर वर्ग को विशेष रूप से नुकसान होता है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने नीति वक्तव्य में इस बिंदु को स्पष्ट करने में कड़ी मेहनत की।

बयान के अनुसार, सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति जुलाई-अगस्त के दौरान औसत 3.6 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 5.5 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 6.2 प्रतिशत हो गयी। संयोग से, यह सितंबर 2023 के बाद से एक साल से अधिक समय में सबसे अधिक उछाल था। सभी श्रेणियों में, खाद्य पदार्थों की कीमतें सबसे तेजी से बढ़ीं जो नीति निमार्ता की बेचैनी का प्रमुख कारण था। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, सीपीआई खाद्य मुद्रास्फीति जुलाई-अगस्त के दौरान औसतन 5.2 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 8.4 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 9.7 प्रतिशत हो गयी।

परिणामस्वरूप, खाद्य समूह (सीपीआई बास्केट में 45.9 प्रतिशत के भार के साथ) का हेडलाइन मुद्रास्फीति में योगदान जुलाई-अगस्त के दौरान लगभग 68 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में लगभग 74 प्रतिशत हो गया। अनाज, मांस और मछली तथा फलों में बढ़ती मुद्रास्फीति के परिदृश्य में सब्जियों, तेल और वसा में कीमतों में तेज उछाल ने खाद्य मुद्रास्फीति में उछाल को बढ़ावा दिया।

दूसरे शब्दों में, खाद्य कीमतों में सभी क्षेत्रों में तेजी से वृद्धि हुई और वह भी सभी प्रमुख समूहों में। आप इस बात से कुछ हद तक आश्वस्त हो सकते हैं कि कुछ प्रकार के अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों की कीमतें तेजी से बढ़ीं, जैसे कि तेल और वसा की कीमतें, जो उम्मीद है कि बेहतर स्वास्थ्य परिणामों का कारण बन सकती हैं!

तेल और वसा में कीमतों में तेजी सितंबर में 3 प्रतिशत और अक्टूबर में 6 प्रतिशत तक बढ़ गयी। लेकिन इनके साथ ही, सब्जियों की कीमतों में तेजी, जिनका उपभोग सभी लोग और विशेष रूप से गरीब लोग करते हैं, सितंबर में 3.5 प्रतिशत और अक्टूबर में 8.2 प्रतिशत तक बढ़ गयी।

खाद्य और ईंधन मुद्रास्फीति को छोड़कर, जो मुख्य मुद्रास्फीति के रुझान को मापता है, सीपीआई कोर मुद्रास्फीति ने मई-जून के दौरान चालू श्रृंखला में 3.1 प्रतिशत की सबसे कम मुद्रास्फीति दर्ज की, जो सितंबर में 3.5 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 3.8 प्रतिशत तक बढ़ गयी।

इन आवश्यक वस्तुओं के अलावा, मूल्य वृद्धि मध्यम थी और कुछ श्रेणियों में एलपीजी या ईंधन तेलों की कीमतों में कमी आई। कुछ उच्च मूल्य वाली वस्तुओं, जैसे व्यक्तिगत देखभाल में भी मध्यम रुझान दिखाई दिये।

इसलिए इन विवरणों को ध्यान में रखते हुए, एक मोटा उपाय यह निकलता है कि जब तक मौजूदा फसल और सर्दियों की सब्जियां बाजार में आना शुरू नहीं हो जातीं, तब तक कीमतों में वृद्धि जारी रहेगी। यह अगले साल मार्च के अंत से पहले नहीं होना चाहिए। इसलिए आरबीआई की ओर से यह चेतावनी भरी कहानी है।

लेकिन, जैसा कि कहावत है, पिक्चर अभी बाकी है। दूसरी तिमाही की वृद्धि निराशाजनक रही है। यह मात्र 5.4प्रश थी। इसके लिए मुख्य रूप से कुछ कारण जिम्मेदार हैं, जिनमें से औद्योगिक क्षेत्र, विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट सबसे तीव्र रही है। पहली तिमाही में 7.4प्रश की वृद्धि से विनिर्माण क्षेत्र दूसरी तिमाही में 2.1प्रश पर आ गया। अचानक आई इस भारी गिरावट का अभी तक पूरी तरह से अंदाजा नहीं लगाया जा सका है।

इसके साथ ही, इस साल की भारी बारिश के कारण, अन्य प्रमुख क्षेत्र, खनन को भी काफी नुकसान हुआ है। इसके परिणामस्वरूप सीमेंट की मांग में भी कमी आई है और सीमेंट उत्पादन में भी गिरावट आई है।

अब तक उपलब्ध उच्च आवृत्ति संकेतकों के अवलोकन के बाद, रिजर्व बैंक आशावादी है कि घरेलू आर्थिक गतिविधि में मंदी 2024-25 की तीसरी तिमाही में समाप्त हो जायेगी, जो मजबूत त्योहारी मांग और ग्रामीण गतिविधियों में तेजी के कारण सुधार की ओर अग्रसर है।

खरीफ फसल उत्पादन और बेहतर रबी बुवाई से कृषि विकास को समर्थन मिल रहा है। औद्योगिक गतिविधि के सामान्य होने और पिछली तिमाही के निचले स्तर से उबरने की उम्मीद है। आरबीआई को उम्मीद है कि मानसून सीजन के खत्म होने और सरकारी पूंजीगत व्यय में अपेक्षित तेजी से सीमेंट और लोहा एवं इस्पात क्षेत्रों को कुछ प्रोत्साहन मिल सकता है। मानसून से जुड़ी बाधाओं के बाद खनन और बिजली के भी सामान्य होने की उम्मीद है।

नवंबर में विनिर्माण के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 56.5 पर रहा। सेवा क्षेत्र में मजबूत गति से वृद्धि जारी है। नवंबर में पीएमआई सेवाएं 58.4 पर स्थिर रहीं, जो निरंतर विस्तार का संकेत है।

इसलिए, कुल मिलाकर रिजर्व बैंक यह कह रहा है कि फिलहाल हम बेकाबू कीमतों का ध्यान रखें। इस बीच विकास अपने आप ठीक हो जायेगा। एक बार जब ऊंची कीमतों का स्तर पार हो जायेगा, तो हम शायद कम ब्याज दर वाली व्यवस्था के साथ विकास की गति को फिर से शुरू कर देंगे।

## एक हैं तो सेफ हैं !

इन दिनों अखिल भारतीय स्तर पर नर,नारी, नेता से नारायण तक हर जैविक और आध्यात्मिक जीव-जंतुओं में एकाकार होने की भावना प्रचंड रूप से जाग्रत हो रही है।

प्रारंभ से ही हमारा देश नारा प्रधान राष्ट्र रहा है। हालांकि बदलते वक्त के साथ इन नारों का अर्थ और उद्देश्य भी बदलता रहा है। शांति, स्वतंत्रता से स्वार्थ अथवा सत्ता के निहितार्थ अशोक की जीयो और जीने दो सुभाष की तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा से लेकर अच्छे दिन, खेला हौवे आदि सभी नारें समय-समय पर धूम मचाते हुए अपने उद्देश्य को हासिल करने में सफल रही है। भारतीय नर-नारियों के लिए नारे जारी कर व्यावसायिक प्रतिष्ठान अथवा राजनीतिक पार्टियां नकद नारायण और नवरस का आनंद लेने का मोक्ष प्राप्त करते हैं।

कर लो दुनिया मुट्ठी में का वैश्विक स्लोगन देकर टेलीकॉम कंपनियों द्वारा मानव जीवन को दिन-रात मोबाइल और इंटरनेट के मायाजाल और भूल-भुलैया में भटकाने का, तो जुबां केसरी के नाम पर केसरयुक्त कैंसर की बिक्री बढ़ाने तक में भारतीय नारों के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता है। जिस देश में डीयो लगाने से युवतियां बेरोजगार लड़कों के पास खींची चली आती है और कोल्डड्रिंक पीने से डरा हुआ मनुष्य जीत के लक्ष्य तक पहुँचा पाता है, वैसे पावन भूमि पर यदा-कदा राजनीतिक पार्टियां भी मोहक स्लोगन देकर अपने कस्टमर मेरा मतलब कष्ट से मर रहे जनता को मामू और अपनी सरकार बनाने में सफलता हासिल कर लेती हैं।

वैसे भी जनता तो जन्मजात मासूम होती है। कभी जात और बात में पिघल कर किसी की सरकार बना देते हैं, तो कभी पौवा और पैसा पर अपने मत का मूल्यांकन कर लेते हैं। वैसे भी हमारे स्लोगन शोषित देश की तथाकथित मासूम जनता काफी आशावादी होती हैं। ऐसे व्यक्ति जिनकी आज तक अपने पड़ोसियों से भी नहीं बनी-पटी वो सुनक के ब्रिटेन का पीएम बनने और ट्रंप के पुनः अमेरिकी राष्ट्रपति बनने पर भी अच्छे दिन की उम्मीद पाल लेते हैं।

कभी फील गुड के नाम पर बनने वाली सरकार में गुड अनफील होने पर सरकार बदल देती है, तो कभी अच्छे दिन आने वाले हैं की? आस में बारंबार उसी सरकार का चुनाव कर लेती है।

खेला हौवे का उद्घोष कर राजनीतिक मदारी मूकदर्शक बनी जनता की भावनाओं के साथ-साथ जमकर राजनीति का खेल भी खेलते हैं। इस खेल में चैंपियन ट्रॉफी रुपी कुर्सी का स्वामित्व हमेशा खेल दिखाने वाले मदारी के पास ही रह जाता है। बंदर अथवा भालू सदृश कार्यकर्ता खेला हौवे की डुगडुगी पर मतमस्द झूमते तो जनता ताली, थाली और सिर पीटकर मदारी को ताकते रह जाते हैं।

चुनाव आते ही नया-नया स्लोगन बाजार में लांच कर दिया जाता है। इन दिनों मार्केट में जैसे ही बंटोगे तो कटोगे और एक है तो सेफ है लांच हुआ, तो हमारे पड़ोस के सरकारी क्लर्क छब्बू जी भी अपने स्टेटस पर इस स्लोगन को चिपका मारें, यह और बात है कि विवाह के एक महीने बाद ही महंगाई और अपने निजी परिवार की दुहाई देकर वो अपने माता-पिता और भाईयों का साथ छोड़ पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे के पश्चात इकलौती बीवी के साथ बंटा और कटा हुआ जीवन? व्यतीत कर रहे हैं। इसी तरह हमेशा से हटकर और कटकर रहने वाले गुप्ता जी ने भी इस स्लोगन को स्थायी स्टेटस बना लिया है, जिनका संपूर्ण जीवन काल रिश्तेदारों की बुराई करने में निकल गया। एक है तो सेफ है स्लोगन से आपदा विभाग के सुपरवाइजर दत्ता साहब यह उम्मीद पाल बैठे हैं कि अब घरवाली के साथ साथ बाहर वाली सेटिंग को रखने पर कोई खतरा नहीं। नारा देने वाले का उद्देश्य राजनीति से प्रेरित हो सकता है लेकिन नारों को नागरिक अपने जीवन में किस रुप में लेती है यह उन पर निर्भर करता है।

बहरहाल दो इंच जमीन के नाम पर एक-दूसरे को काटने वाले भाईयों, जाति और भाषा के नाम पर समाज को बांटने वाले महान बुद्धिजीवियों के बीच बंटने और कटने वाला राजनीतिक स्लोगन ऐसा है, मानों मंजुलिका के क्रेडिट पर टी सीरीज और अनीस बज्मी द्वारा भूल-भुलैया 3 तथा सिंघम के ब्रांड पर रोहित शेट्टी द्वारा सिंघम अगेन को भूनाने का दुस्साहस... देखोगे तो झेलोगे।

## सीरिया में तख्ता

हाल के बरसों में तख्तापलट का सामना कर चुके देशों में अब सीरिया का नाम भी जुड़ गया है। सीरिया में बशर अल असद के शासन को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्परत विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम (एचटीआई) ने पिछले हफ्ते से अपने अभियान को तेज करते हुए अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा जैसे प्रमुख शहरों पर अपना कब्जा जमाया। रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जे के साथ ही तय हो गया कि सीरिया में असद परिवार के 50 बरस पुराने शासन का अंत हो गया है। बताया जा रहा है कि बशर अल असद अपने परिवार के साथ विमान से किसी अज्ञात ठिकाने की तरफ चले गए हैं, उनके बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी जा रही है। इस बीच सोशल मीडिया पर असद के विमान के लापता होने या दुर्घटनाग्रस्त होने की चचाएं भी तेज हैं। विद्रोही सीरिया को अब आजाद देश कह रहे हैं। मिलिट्री ऑपरेशंस कमांड ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, हम तानाशाह बशर अल-असद से दमिश्क शहर को आजाद घोषित करते हैं। दुनिया भर में विस्थापित हुए सभी लोगों के लिए एक आजाद सीरिया आपका इंतजार कर रहा है। सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अल-जलाली ने रविवार सुबह पहले से तैयार किए गए एक संदेश में कहा कि सरकार लोगों की ओर से चुने गए किसी भी नेतृत्व के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने सीरियाई लोगों से सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान न पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि यह सभी नागरिकों की है। उन्होंने कहा, मैं यहां अपने घर में हूं, कहीं नहीं गया और न ही इसे छोड़ने का इरादा है। इस बयान से जाहिर है कि प्रधानमंत्री विद्रोहियों की शर्तों को मानने और उन्हें सत्ता सौंपने के लिए तैयार हैं। इध? विद्रोही गुट एचटीआई के नेता अबू मोहम्मद अल-जुलानी ने भी विद्रोही बलों से राज्य के संस्थानों को नुकसान न पहुंचाने का आान किया है। हालांकि दमिश्क में सड़कों पर जिस तरह टैंकों और बंदूकों के साथ विद्रोही ताकत दिखा रहे हैं, उससे अभी फौरन हालात सामान्य होने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

2011 के अरब बसंत में कई देशों में तख्तापलट हुए, तीन-चार दशकों से राज कर रहे तथाकथित तानाशाहों को लोकतंत्र की मुहिम के नाम पर उखाड़ फेंका गया। होस्नी मुबारक, कर्नल गद्दाफी जैसे शासकों की सत्ता का अंत हुआ और यही सफलता सीरिया में प्राप्त करने की कोशिश की गई। लेकिन बशर अल असद को गद्दी से उतारने में 13 बरसों का लंबा इंतजार करना पड़ा। अरब बसंत के दौरान सीरिया में विद्रोहियों को बशर अल असद ने पूरी ताकत से कुचला था। हालांकि उन्हें सत्ता संभाले दस साल ही हुए थे और उनका राजनैतिक नजरिया तानाशाहों से बिल्कुल अलग था।



11 सितम्बर, 1965 को जन्मे बशर अल असद की पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीतिक थी, उनके पिता हाफिज अल असद 1971 में सीरिया के राष्ट्रपति बने और 2000 तक इस पद पर रहे। लेकिन बशर अल असद ने राजनीति की जगह मेडिसिन की राह चुनी। वे लंदन में नेत्र चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे थे। जनवरी 1994 में उनके बड़े भाई बासेल की मौत हुई, जिन्हें स्वाभाविक तौर पर अगला राष्ट्रपति माना जा रहा था। बड़े भाई की मौत के बाद बशर राजनीति में आए और अपने पिता की मौत के बाद 2000 में बशर ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली। सत्ता संभालते वक्त उन्होंने पारदर्शिता, लोकतंत्र, विकास, आधुनिकीकरण की बातें कीं। थोड़े वक्त के लिए ही सही लेकिन सीरिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नागरिक आजादी जैसी बातों के लिए जगह बनी, इसे दमिश्क स्प्रिंग कहा गया। मगर यह बसंत भी जल्द ही गुजर गया और फिर अपने निकट देशों में बन रही विपरीत परिस्थितियों के कारण बशर अल असद ने भी दमन की राह पकड़ी।

ईराक पर अमेरिकी हमला, लेबनान के जरिए सीरिया को नियंत्रित करने की अमेरिकी चाल, अरब बसंत, इराक में इस्लामिक स्टेट का उभार, गजा पर इजरायली हमला बीते डेढ़ दशक की इन तमाम घटनाओं ने बशर अल असद को उनकी राजनैतिक सोच से बिल्कुल उलट काम करने के लिए मजबूर किया। पश्चिमी ताकतों का मुकाबला करने के लिए हिज्बुल्ला का साथ सीरिया को मिलता रहा। लेकिन फिलीस्तीन को तबाह करने के साथ-साथ इजरायल ने हिज्बुल्ला के भी शीर्ष नेताओं को मार गिराया है, लिहाजा इस बार सीरिया का साथ देने की ताकत हिज्बुल्ला में भी नहीं बची। ईरान का भी यही हश्र हुआ है। वहीं रूस भी यूक्रेन युद्ध में उलझा है, लिहाजा इस बार उसकी मदद भी सीरिया को नहीं मिली। बशर अल असद ने अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मदद मांगी थी, लेकिन उन्हें निराशा मिली। ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही उन्होंने इसके पीछे रूस को भी जिम्मेदार बताया। ट्रम्प ने कहा, यह हमारी लड़ाई नहीं है। अमेरिका को इस संघर्ष में शामिल नहीं होना चाहिए। सीरिया अमेरिका का दोस्त नहीं है।

अमेरिका की प्राथमिकताएं बिल्कुल साफ हैं कि जहां उसे आर्थिक या सामरिक फायदा होगा, वहां वह बिना किसी बुलावे के भी पहुंच जाएगा और लोकतंत्र का हवाला देकर दखलंदाजी करेगा। लेकिन जहां उसे कोई लाभ नहीं मिलना, वहां वह आंखें मूंद लेगा। तो फिलहाल अमेरिका ने सीरिया को उसके हाल पर छोड़ दिया है। रविवार को राजधानी दमिश्क से वैसे ही नजारे देखने मिले, जैसे हाल में अफगानिस्तान, श्रीलंका या बांग्लादेश में दिखे थे। विमानतल पर भगदड़ है, लोग सुरक्षित बाहर निकलना चाहते हैं, वहीं बहुत से लोग आजादी का जश्न मनाते सड़कों पर आ गए हैं। इधर राष्ट्रपति भवन पर कब्जा करना, वहां की चीजों को लूटना, तोड़-फोड़ करना, यह सिलसिला भी चल रहा है।

असद परिवार के शासन का दुखद अंत सीरिया में हुआ है, लेकिन क्या इसके बाद सुख और शांतिमय भविष्य यहां के नागरिकों को मिलेगा, क्या जो नयी सत्ता स्थापित होगी, उसका स्वरूप लोकतांत्रिक होगा, क्या महाशक्तियों के दबाव में आए बिना किसी सरकार का गठन होगा, इन महत्वपूर्ण सवालों के जवाब का इंतजार रहेगा।

# फूलपुर में बुल्डोजर दस्ता देख अतिक्रमणकारियो में मचा हड़कंप

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** फूलपुर नगर पंचायत में मंगलवार को दोपहर में अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिए दस्ता बुलडोजर के साथ पहुंचने पर अतिक्रमणकारियो में हड़कंप मच गया। प्रयागराज जौनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर पंचायत फूलपुर में प्रवेश करते ही ठेला पटरी दुकानदारों द्वारा काफी दिनों से अवैध अतिक्रमण किए हुए हैं जिससे थाने तिराहे से तहसील मुख्यालय ओवर ब्रिज तक लोगों को भयंकर जाम का सामना करना पड़ता है आने वाले दिनों में प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ के चलते पर्व पर जाम न लगने पाए शासनादेश के अनुसार नगर पंचायत द्वारा लोगों को सूचना दी गई लेकिन ठेला व पटरी दुकानदारों ने इसको हल्के में लिया जिसके चलते मंगलवार को नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ईओ प्रवीण प्रकाश तथा नायक तहसीलदार और चौकी इंचार्ज आकाश सचान के नेतृत्व में बुलडोजर दस्ता गरजने लगा जिससे अतिक्रमणकारियो में



अपरा तफरी मच गई और ठेला और पटरी दुकानदारों ने जल्दी-जल्दी फैले हुए अतिक्रमण को हटाने लगे भारी फोर्स को देखते हुए अतिक्रमणकारियो ने विरोध करने की हिम्मत न जुटा पाई अतिक्रमण दस्ता नगर पंचायत कार्यालय से प्रारंभ होकर बस स्टॉप फूलपुर थाना तिराहा नेहरू बाजार तहसील मुख्यालय ओवर ब्रिज से होते हुए रेलवे फाटक तक चला। इसी बीच कुछ लोगों ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत प्रवीण प्रकाश से मांग की थाने तिराहे के सामने लगने वाले अवैध टैक्सी स्टैंड से काफी जाम का सामना करना पड़ता है टैक्सी स्टैंड को यहां से हटवा कर ब्लॉक मुख्यालय के गेट से लगी दीवार के बगल काफी खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर लगाया जाय जहां अधिकांश लोग अवैध अतिक्रमण किए हुए हैं जिसे खाली कराकर स्थाई टैक्सी स्टैंड बनाया जाए। इस मौके पर मुख्य रूप से अतिक्रमण दस्ते में अधिशासी अधिकारी ईओ प्रवीण प्रकाश नायब तहसीलदार फूलपुर चौकी इंचार्ज आकाश सचान आधे दर्जन से अधिक उपनिरीक्षक तथा कांस्टेबल के साथ महिला कांस्टेबल नगर पंचायत लिपिक शिव बहादुर यादव, सतीश कुमार, शेर बहादुर सफाई नायक ,सहबान, मनीष कुमार, राहुल अब्दुल वहाब आदि मौजूद रहे।

# जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सोरांव बना ओवरआल चैंपियन

## बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने सभी को किया प्रोत्साहित



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज : बे**सिक स्कूलों की जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राथमिक स्तर पर होलागढ़ विकासखंड के मो. वारिश ने जीती। बालिका वर्ग में भी इसी विकासखंड की सगुन मिश्र ने परचम लहराया। उच्च प्राथमिक स्तर पर सोरांव के उज्ज्वल मिश्र व बहादुरपुर की दिव्यांशी ने चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। ओवरआल चैंपियन सोरांव विकासखंड रहा। उसे कुल 384 अंक मिले जबकि कौड़िहार और कोरांव की टीमें क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। उन्हें क्रमशः 106 व 72 अंक प्राप्त हुए। पीटी में उरुवा प्रथम और सैदाबाद के विद्यार्थी द्वितीय रहे।

दो दिन चले इस आयोजन में लोकनृत्य, लोकगीत, अंत्याक्षरी, राष्ट्रीय एकांकी, पीटी , श्रुत लेख जैसी स्पधाएं भी हुईं। लोकनृत्य में सोरांव, धनूपुर व चाका, लोकगीत में उरुवा, कौड़िहार व सोरांव की टीम क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रही। अंत्याक्षरी में प्रतापपुर, सोरांव, कौड़िहार, राष्ट्रीय एकांकी में धनुपुर, कोरांव, प्रतापपुर, श्रुतलेख में आरुष, रोशनी व वर्षा निर्मल ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को जिला विकास अधिकारी भोलानाथ ने पुरस्कृत किया। कहा, ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को मंच देते हैं। प्रत्येक विद्यालय में गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता है। इससे नई प्रतिभाएं मिलेंगी। शुरू से ही छात्र छात्राएं कुछ बेहतर करने के लिए प्रेरित होंगे। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिता संपन्न हुई। आयोजन में सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी , समस्त खंड शिक्षा अधिकारी,मिड डे मील समन्वयक राजीव त्रिपाठी व अन्य समन्वयक गण ने सहयोग दिया। मंच संचालन बबिता वर्मा व दिलीप मिश्र ने किया।

# फलता के शिखर पर पहुंचने के लिए आत्मबल जरूरी - योगाचार्य धर्मचंद जी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। फू**लपुर क्षेत्र के बाबूगंज स्थित ईशा पब्लिक स्कूल एवं आर डी पाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को योगाभ्यास कराते हुए योगाचार्य धर्मचंद्र जी ने कहा कि योग जीवन में एकाग्रता लाता है। जिससे याद की हुई चीज बच्चों को ज्यादा समझ में आती है।

आगामी बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले बच्चों को बताया कि सभी बच्चों को यह समझना चाहिए कि असंभव कुछ भी नहीं है। जिन बच्चों को स्वयं पर पूर्ण विश्वास होता है वह बोर्ड परीक्षा में सफलता के शिखर को चूम ही लेते हैं। परीक्षा के समय सेहत का भी ध्यान विशेष तौर से रखें। कहीं ऐसा ना हो जाए कि ज्यादा पढ़ाई के चक्कर में आप बीमार हो जाएं ।

परीक्षा के दौरान बच्चे अक्सर तनाव में आ जाते हैं ।इससे उन्हें भूख नहीं लगती और वह खाना नहीं खाते हैं। लेकिन परीक्षार्थियों को ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। परीक्षा के दौरान बच्चों को अच्छा भोजन करना चाहिए। सेहत के साथ ही टाइम मैनेजमेंट का ध्यान रखें। समय सारणी बनाकर के पढ़ें। जिन विषयों को आपने पढ़ लिया है उनको दोहराने के बारे में भी चिंतन करें?। ऐसा न करने पर आपको अपनी तैयारी का पूरा लाभ नहीं मिलता है। सभी बच्चों को पद्मासन सिद्धासन स्वास्तिक आसन अनुलोम विलोम प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, ओंमकार ध्वनि के साथ ही सभी बच्चों को हास्य योग एवं ध्यान का विशेष अभ्यास कराया। विद्यालय के प्रबंध के श्री विजयपाल ने सभी बच्चों को नियमित रूप से योगाभ्यास करने की सलाह दीं। उन्होंने कहा कि यदि सभी बच्चे योगाचार्य धर्मचंद्र जी द्वारा लिखित "आप भी बोर्ड परीक्षा में बन सकते हैं टापर्स " पुस्तक में बताए गए टिप्स को ध्यान में रखते हुए अध्ययन करेंगे तो वे परीक्षा में निश्चित रूप से सफल होंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम पाल ने कहा कि बच्चों योग को नियमित रूप से अभ्यास करनें चाहिए। साथ ही उन्होंने योगाचार्य धर्मचंद्र का धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर अजय कुमार, उपासना यादव, सविता चौरसिया, आर एस पटेल, उषा राय, प्रतिभा पांडे आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# चोरी के चार मोबाइल फोन सहित 2 शातिर गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। एच**पी रेलवे के निर्देश पर जीआरपी प्रयागराज पुलिस यात्रियों के साथ हुई चोरी की घटना के खुलासे के लिए चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद कर लिख पड़ी किया।

प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी प्रयागराज राजीव रंजन उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्यों द्वारा चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन प्रयागराज पीएफ नं0 01 कानपुर इण्ड के पास से 02 अभियुक्त के पास से चोरी गये 04 मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्तों ने पूछताँछ में बताया,



कि अभियुक्त ने पूछताँछ में बताया, कि मैं ट्रेनों व रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी करके अवैध तरीके से बेचकर अवैध धन अर्जित करता हूँ । पुलिस के उक्त कार्य की पुलिस अधीक्षक रेलवे द्वारा प्रशंसा की गयी ।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

आकाश धरिकार पुत्र बुटा धरिकार निवासी गऊघाट झोपड़ पट्टी थाना कीडगंज, सुनील धरिकार पुत्र कल्लू धरिकार निवासी गऊघाट झोपड़ पट्टी थाना कीडगंज जनपद प्रयागराज।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

वीरेन्द्र प्रसाद सरोज - प्र0 चौकी जीआरपी नैनी, उ0नि0 राजकुमार चौहान, उ0नि0 नितिन कुमार - आरपीएफ पोस्ट प्रयागराज

# तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार, 62 किलो गांजा बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। एएनटीएफ यूनिट** प्रयागराज ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन सक्रिय तस्कर गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 62 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इसकी अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 31 लाख रुपए है।

गिरफ्तार तस्करों में अजय मौर्या पुत्र भोला मौर्या पता बोझ पो॰ शमसेरपुर थाना नवगढ़ जिला चन्दौली, संजय पुत्र रामजी सिंह



निवासी हरियाबाध थाना नवगढ़, आनन्द कुमार खरवार पुत्र राजेन्द्र खरवार निवासी तेनुडाही थाना माची सोनभद्र हैं। पुलिस की मानें तो गिरफ्तार अभियुक्तों से अलग-अलग व संयुक्त रुप से पूछताछ करने पर पता चला कि अवैध गांजा रामाश्रय पुत्र अज्ञात पता मैरहवा थाना चकरघट्टा जनपद चन्दौली से दस हजार रुपया प्रति किलो की दर से खरीदकर लाये है तथा उसको 11 या 12 हजार रुपए में मिजार्पुर, प्रयागराज व अन्य जनपदों में मादक पदार्थ के तस्करों को सप्लाई करते हैं। इनके पास से पुलिस ने तीन मोबाइल फोन,2530 रुपये नगद मिला है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम एएनटीएफ यूनिट प्रयागराज की टीम में उप निरीक्षक सत्येन्द्र प्रधान, एएनटीएफ यूनिट प्रयागराज, हेड कांस्टेबल राजेश यादव, कांस्टेबल आशीष शामिल रहे।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय करारी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## अनुपस्थित टीचरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। डीएम मधु**सूदन हुल्गी द्वारा आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सेसा करारी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ सफाई, छात्रों एवं अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 70 स्टूडेंट अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी ने व्यक्त करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने टॉयलेट एवं वॉशरूम को चेक किया, जिसमें टॉयलेट टूटा हुआ एवं नल से पानी लीकेज होते हुआ पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए पाई गई कमियों को जल्द से जल्द पर पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छात्रों को दी जाने वाली सामग्री के वितरण में भी कमी पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य को सख्त निर्देश देते हुए पाई गई कमियों को जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 4 से 5 टीचर अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी में अनुपस्थित टीचरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित को दिए।

# ओम नम: शिवाय का शिविर लगाने में परेशानी

## मेला प्रशासन छह हजार सफाई कर्मचारियों के कल से मांगा है खाना

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुंभ** में सबसे विशाल अन्नक्षेत्र चलाने वाली संस्था ओम नम: शिवाय प्रयागराज का शिविर मिण्टो रोड के मंदिर के पास तीन दिन से लग रहा है लेकिन सेना ने शिविर लगाने से रोक दिया है। सेना के जवानों का कहना है कि यहां की जमीन मेला प्रशासन को नहीं दी गयी है ऐसे में शिविर लगाने नहीं दिया जाएगा। उधर मेला प्रशासन ने ओम नम: शिवाय प्रयागराज को मिण्टो पार्क रोड एवं दारागंज रेलवे स्टेशन के बगल जमीन दी है जहां पर रेलवे का काम चल रहा है जिससे अन्नक्षेत्र शुरू नहीं हो पा रहा है। मेला प्रशासन ने ओम नम: शिवाय से गुरुवार से छह हजार स्वच्छताग्राही (सफाई कर्मियो) के लिए सुबह , शाम खाना और नाश्ता की मांग किया है। शिविर न लगने से ओम नम: शिवाय प्रयागराज संस्था के लोग परेशान है। शिविर व्यवस्थापक दीपक कुमार का कहना है कि चार दिन से सेना के लोग शिविर नही लगाने दे रहे हैं जबकि खाना बनाने के लिए जो सामान गिरा था उसे भी उठवा दिया है इससे परेशानी बढ़ गयी है। मेला प्रशासन शिविर लगाने के लिए कहता है लेकिन सेना बार-बार शिविर लगाने से रोक रही है। उन्होंने बताया कि आज फिर शिविर लग रहा था लेकिन सेना के जवानों ने वेण्डर को समान सहित भगा दिया है।

# कुंभ मेला की अफसरों ने बनाई रणनीति

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ -2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के लिए मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा, मण्डलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज प्रेम गौतम द्वारा भीड़ नियंत्रण, यातायात एवं मूवमेन्ट की सुदृढ़ एवं व्यवस्थित कार्ययोजना विकसित किए जाने के लिए वाह्य एवं आन्तरिक मूवमेन्ट प्लान तैयार किये जाने के सम्बन्ध में बैठक की गई। तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई। कहा गया कि यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए संगम क्षेत्र से रेलवे स्टेशन तक जाने वाले निर्धारित मार्गों, होल्डिंग एरिया, पार्किंग व्यवस्था बेहतर रखी जाए,इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की




गयी। आने वाले प्रमुख मार्गो वाराणसी- जौनपुर मार्ग, लखनऊ, कानपुर, प्रतापगढ़ मार्ग आदि के प्रबन्धन एवं सुगम संचालन व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। मेला क्षेत्र में सुचारु एवं सुरक्षित आवागमन हेतु एकल मार्ग व्यवस्था का पालन किया जायेगा। मेले में ड्यूटी पर आये हुए पुलिस बल को समस्त मेला क्षेत्र व प्रयागराज जनपद को आने वाले प्रमुख सात मार्गों की संचालन व्यवस्था की स्पष्ट जानकारी हो, इसके लिए सभी स्थानों का पुलिस बल को भौतिक निरीक्षण/रिहर्सल कराये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे, मेलाधिकारी, जिलाधिकारी प्रयागराज रविन्द्र , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भमेला, पुलिस उपायुक्त कुम्भ, यातायात, नगर, यमुनानगर, गंगानगर, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात व अन्य प्रशासनिक, पुलिस अधिकारीगण तथा संगम क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारी शामिल रहे।

# भीड़ भाड़ वाले इलाकों में एएसपी ने पैदल गस्त कर सुरक्षा का कराया एहसास

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। मं**गलवार अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के



उद्देश्य से थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर अन्तर्गत भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों व मुख्य मार्गों/चौराहों में पैदल गस्त की गयी एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया तथा दुकानदारों से वार्ता कर अतिक्रमण न करने की अपील की गयी। साथ ही कस्बा मंझनपुर में लगे मेले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और सम्बन्धित को आव्श्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# घोर कलियुग: जिस पति को परमेश्वर माना, प्रेमी संग उसी को उतारा मौत के घाट

## बाप रे बाप ! पत्नी ही निकली शिपू की हत्यारिन

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**झूंसी/प्रयागराज। सराय इनायत थाना, एसओजी** और सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम ने हत्या की घटना का अनावरण करते हुए महिला समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से आलाकत्ल चाकू और पाना रिन्च बरामद किया है।

सोमवार को सुबह करीब आठ बजे थाना सरायइनायत क्षेत्र के ग्राम लीलापुर कछार के पास एक शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई । इस सूचना पर पुलिस उपायुक्त गंगानगर, सहायक पुलिस आयुक्त थरवई, थाना सरायइनायत पुलिस




व फील्ड यूनिट द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक की पहचान शिपू पटेल ग्राम धमोईया थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 22 वर्ष के रूप में हुई। थाना सरायइनायत पुलिस द्वारा नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु मॉर्चरी भेजा गया।

परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सरायइनायत में पूजा गौड़ पत्नी स्वङ्ग शिपू पटेल निवासी धमोईया थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, विजय वर्मा पुत्र अज्ञात समेत दो अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। हत्या में दो वांछित अभियुक्त, अभियुक्ता के अलावा विजय बहादुर वर्मा पुत्र राममूरत निवासी लोदीपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, पूजा गौड़ पत्नी स्व0 शिपू पटेल पुत्री शिवशंकर पटेल निवासिनी धमोईया थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, हालपता ग्राम सरपतीपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत व एसओजी, सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को ग्राम बनी स्थित चैनपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक पाना रिन्च, एक चाकू व एक मोटर साइकिल बजाज सी0टी0-100 वाहन सं0-वढ 70 अञ्च 5423 बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्ता पूजा गौड़ ने पूछताछ के दौरान बताया कि करीब छह माह पूर्व वह अपने पति शीपू पटेल को छोड़कर अपने प्रेमी विजय बहादुर वर्मा के साथ झूँसी में रह रही थी। दोनो शादी कर साथ रहने व मृतक शीपू पटेल की सम्पत्ति हथियाने के लिए मृतक शीपू पटेल को रास्ते से हटाने की योजना बनायी। करीब 15 दिन पूर्व योजनाबद्ध तरीके से पूजा गौड़ अपने पति शीपू पटेल के घर पहुंची और उसके साथ रहने लगी। आठ दिसंबर को अभियक्ता पूजा गौड़ ने अभियुक्त विजय बहादुर वर्मा को अपने घर बुलाया और योजनाबद्ध तरीके से शीपू पटेल को शराब पिलाकर थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत लीलापुर कछार ले जाकर चाकू से उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष संजय प्रसाद गुप्ता, उप निरीक्षक सुखचैन तिवारी, प्रभारी एसओजी, सर्विलांस सेल गंगानगर, उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह, थाना सरायइनायत, हेड कांस्टेबल इमामुद्दीन खां, देवेन्द्र प्रताप सिंह, एसओजी गंगानगर, हेड कांस्टेबल रविन्द्र यादव, एसओजी गंगानगर, हेड कांस्टेबल अनुग्रह वर्मा, एस0ओ0जी0 गंगानगर, हेड कांस्टेबल बृजेश सिंह, एस0ओ0जी0 गंगानगर, हेड कांस्टेबल, रबीश चन्द्र यादव, सर्विलांस सेल गंगानगर, कांस्टेबल समीर प्रताप सिंह, एसओजी गंगानगर, पियूष पंकज चौहान, एसओजी गंगानगर, कांस्टेबल विनय सिंह, थाना सरायइनायत, महिला कांस्टेबल प्रियंका पाल, सर्विलांस सेल गंगानगर, महिला कांस्टेबल पूजा शर्मा, थाना सरायइनायत शामिल रहे।

# पैदल जा रहे वृद्ध से टकराया बाइक सवार एक की मौत तीन घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी। को**खराज थाना क्षेत्र के चकिया ककोड़ा निवासी इंद्र कुमार उम्र 72 वर्ष पुत्र स्व. महादेव मंगलवार की दोपहर दो बजे किसी काम से चकिया से ककोड़ा पैदल जा रहे थे। हाइवे में वह ककोड़ा गांव के समीप पहुंचे की पीछे से सैनी से मूरतगंज की तरफ जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के बाद वृद्ध सड़क पर लहूलुहान होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे धर्मराज 27 साल पुत्र रामराज व बाइक पर बैठे अर्जुन 24 साल, बिंदेश्वरी 22 साल निवासीगण ककोड़ा भी घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची कोखराज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

# हृदय में राम और हाथ को काम' देने वाला है हमारा हिंदुत्व: आदित्य ठाकरे



**मुंबई। शिवसेना (यूबीटी)** के नेता आदित्य ठाकरे ने रविवार को लातूर में किसानों को वक्फ बोर्ड से मिले नोटिस, ईवीएम और हिंदुत्व को लेकर अपनी बात रखी। शिवसेना यूबीटी के विधानमंडल दल के नेता आदित्य ठाकरे ने वक्फ बोर्ड की तरफ से लातूर में किसानों को मिले नोटिस को लेकर कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है। हिंदुत्व के बारे में उन्होंने कहा, "हमारा हिंदुत्व अलग है। हमारा हिंदुत्व हृदय में राम और हाथ को काम देने वाला है। हमारा हिंदुत्व सबको साथ लेकर चलने वाला है।" उन्होंने ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) पर सवाल उठाए जाने पर कहा कि यह विषय चुनाव परिणामों पर संदेह पैदा कर रहा है। चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करके जनता को नजरअंदाज कर रही है। उनका कहना था कि चुनाव आयोग को इस पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए, न कि सिर्फ आलोचनाएं करनी चाहिए। शिवसेना यूबीटी और सहयोगी दलों ने एक दिन का विरोध किया था और अब वे विधायक बनकर अपने काम में लग गए हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है। यह एक लंबा चलने वाला आंदोलन होगा। उन्होंने चुनाव आयोग से बैलट पेपर से मतदान की मांग की और कहा कि उनकी पार्टी को इसका अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि चुनाव में कितने प्रतिशत वोटों की पुनरीक्षण प्रक्रिया हुई और यह सवाल उठाया कि क्या चुनाव आयोग का इतिहास में कभी इतना बड़ा पुनरीक्षण हुआ है। इसके बाद उन्होंने हंसी-ठिठोली करने की बात की।

उन्होंने कहा अगर लोगों को मजाक करना है तो वे कपिल शर्मा शो पर जा सकते हैं, लेकिन चुनाव के मामले में गंभीरता दिखानी चाहिए। आदित्य ठाकरे ने महा विकास अघाड़ी और समाजवादी पार्टी के बीच टकराव पर कहा कि ये चुनावी मुद्दे समय-समय पर सामने आते हैं। उन्होंने अपने हिन्दुत्व के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया और कहा कि उनका हिंदुत्व केवल घर में चूल्हा जलाने वाला हिन्दुत्व है, जो काम करने में विश्वास रखता है और सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर चलने की बात करता है।

## एन एम सी एच के डा प्रवीण साहू ने बेंगलुरु में शोध पत्र प्रस्तुत किया



**पटना। बें**गलुरु में आयोजित आथोर्पेडिक कांफ्रेस में बिहार आथोर्पेडिक एसोसियेशन के सचिव एन एम सी एच के एसोसियेट प्रो डा प्रवीण कुमार साहू ने डा रणजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रेकरेंट डिस्लोकेशन इन पाटेला विषय पर रिसर्च पेपर पेश किया, जिसे सराहा गया। आल इंडिया आथोर्पेडिक एसोसियेशन के सेक्रेटरी डा राजीव रमण और कांफ्रेस के ट्रेजरर डा भरत राज ने डा साहू को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

बिहार आथोर्पेडिक एसोसियेशन के सचिव के रुप में डा प्रवीण कुमार ने कई साइंटिफिक सेशन की अध्यक्षता की है। साथ ही, प्रदेश के मरीजों के हित में बिहार आथोर्पेडिक एसोसियेशन का योगदान और बढ़े, इसपर भी चर्चा हुई।

## "हिंदुस्तान हिंदुओं का घर है": अनिल विज

**अंबाला। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि "हिंदुस्तान हिंदु**ओं का घर है, हिंदुस्तानी अपने घर में अपने आराध्य का नाम नहीं लेंगे तो किसका नाम लेंगे?अब यह (महबूबा मुफ्ती की बेटी) तो मानते नहीं है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का संधि विच्छेद भी करो तो हिंदुओं का स्थान अर्थात हिंदू हिंदुओं का स्थान, बाकी सब यहां पर मेहमान, यह मानकर चलना चाहिए"। विज आज मीडिया कर्मियों द्वारा महबूबा मुफ्ती की बेटी द्वारा दिए गए बयान की जय श्री राम के नारे को जबरदस्ती चलाया जा रहा है, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब दे रहे थे।



उन्होंने कहा कि "ठीक है हम मेहमान को भी पूरी कदर देते हैं लेकिन है यह हिंदुओं का ही है, तभी इसीलिए इसका नाम हिंदुस्तान रखा गया है"। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर बड़े लोगों के कर्ज माफ करने के बयान के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी किस आधार पर कह रहे हैं। बिना किसी आधार के बिना सिर पैर की बातें मारना ठीक नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी पेट तंज कसते हुए कहा कि अब तो राहुल गांधी की थोड़ी उम्र ज्यादा हो गई है और अब तो समझ आ जानी चाहिए।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी द्वारा हरियाणा के चुनाव को लेकर की गई समीक्षा

## हिमाचल प्रदेश में आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 168 पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं : डॉ. जितेन्द्र सिंह



**शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने लोक सभा में पूछा क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि मिशन कर्मयोगी और हिमाचल प्रदेश सहित विशेषकर शिमला में सिविल सेवकों हेतु 'नियम से भूमिका' में आमूल-चूल परिवर्तन का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ? क्या मिशन कर्मयोगी ने शासन में नई संस्कृति के विकास में योगदान दिया है? और यदि हां, तो **तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

उत्तर में कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह "मिशन कर्मयोगी" के तहत सरकारी कर्मचारियों के क्षमता निर्माण का फोकस, भूमिका-आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी अभिवृत्ति, कौशल और ज्ञान को बढ़ाने पर है। इसने प्रशिक्षण पारि-तंत्र को नियम-आधारित, आपूर्ति-संचालित से भूमिका-आधारित, मांग-संचालित क्षमता निर्माण में बदल दिया है, जहाँ क्षमता निर्माण को सरकार में प्रत्येक भूमिका और प्रत्येक सरकारी पदाधिकारी की आकांक्षाओं हेतु अपेक्षित सक्षमता के अनुरूप लक्षित किया जाता है। आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 46 लाख से अधिक उपयोगकर्ता पंजीकृत हैं, जिनमें से 10.4 लाख से अधिक उपयोगकर्ता सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से हैं।

## सद् विचार से ही राष्ट्र का जागरण संभव है: चंपत राय




**हरिद्वार। विश्व** हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष चंपतराय ने कहा कि हमें अपने समाज को अखंड बनाए रखने के लिए सदैव अपनी परंपराओं, जड़ों और संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए। हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमारी पहचान हैं और इन्हीं के माध्यम से हम समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। तभी समाज और राष्ट्र का जागरण संभव है। वे देवसंस्कृति विश्व विद्यालय के मृत्युंजय सभागार में आयोजित ज्योति कलश यात्रा कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से एक हजार से अधिक गायत्री परिवार के कर्मठ व सक्रिय कार्यकर्त्तागण शामिल हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय ने कहा कि जो समाज से कट गया, उसका पतन होते हुए चला जाता है।

इससे पूर्व देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति युवा आइकॉन डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि ईश्वरीय शक्ति के साथ मिलकर कार्य करना सबसे बड़ा सौभाग्य है, क्योंकि हम भगवान की दिव्य प्रेरणा से उनके कार्यों को आगे बढ़ाने में अपना श्रम, समय लगा रहे हैं। यह समय वास्तव में अकल्पनीय सौभाग्य लेकर आया है, क्योंकि आज हम सब मिलकर युगऋषि पूज्य आचार्यश्री द्वारा प्रज्वलित दिव्य अखण्ड ज्योति के प्रकाश से जन-जन को आलोकित करने जा रहे हैं। ज्योति अब ज्वाला बन सम्पूर्ण राष्ट्र को प्रकाशित करने जा रही हैं।

उप्र के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार का नारा हम बदलेंगे, युग बदलेगा अब चरितार्थ होते दिखाई दे रहा है। वहीं सायंकालीन सभा में शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरी, प्रो विश्वप्रकाश त्रिपाठी आदि ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया।

युवा आइकॉन डॉ पण्ड्या ने विहिप उपाध्यक्ष चंपतराय एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, यूके के स्वामी राजेश्वर जी, गुजरात के पूर्व डीआईजी डी.जी. वंजारा, अपर निदेशक राजेश अहिरवार को गायत्री महामंत्र लिखित उपवस्त्र, स्मृति चिह्न, युग साहित्य आदि भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर युवा आइकॉन डॉ पण्ड्या एवं अतिथियों ने युगऋषि पूज्य आचार्यश्री की आकृति में होलोग्राम आदि का विमोचन किया। इससे पूर्व विहिप उपाध्यक्ष चंपतराय एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं अतिथियों ने विवि के विभिन्न प्रकल्पों का अध्ययन किया। अतिथियों ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे सकारात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए एक आदर्श कार्य बताया।

## पुलिस महानिदेशक ने चाईबासा में नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा

**पश्चिमी सिंहभूम**

**पुलिस म**हानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता रविवार को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पहुंचे। इस दौरान डीजीपी ने नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की। डीजीपी ने समीक्षा बैठक के दौरान चाईबासा एसपी, डीआईजी और अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान, सरेंडर पॉलिसी आदि पर भी चर्चा की और कई दिशा-निर्देश भी दिए। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि राज्य में 95 प्रतिशत नक्सल समस्या का समाधान हो चुका है, जो 5 प्रतिशत समस्या बचा, चाईबासा जिले में है, जिसको समाप्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द झारखंड को नक्सल मुक्त कर दिया जाए।

# महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेडी के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत



**हरियाणा/हिसार।** महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल दबखेडी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र श्री वरूण सिंगला के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल के सभी स्टाफ व अन्य गणमान्य व्यक्ति के साथ-साथ छात्र/छात्राये ने उत्सव में भागीदारी की।

महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल की प्रसिपल ने वार्षिक उत्सव पर प्रकाश डाला और उत्सव के मुख्य उद्देश्यो बारें में प्रकाश डाला और वार्षिक उत्सव के बारें में बताया। के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त करवाई करेगी है। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराध पर रोक लग सकें। इसके बाद उन्होंने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लड? के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते है। युवाओं को नशे की चपेट में आने से बचाने के लिए इस अभियान की शुरूआत की गई है। युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलवाई तथा आमजन को पुलिस द्वारा चलाये गये नशा मुक्त अभियान में जुडने की अपील की गई । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता काफी कम हैं। नियमों की पालना करके हम अपने साथ-साथ कई बेशकीमती जिंदगियों को दुर्घटना होने से बचा सकते हैं । जिस प्रकार सड़क हादसे तेजी बढ़ रहें हैं यह मानवजाति के लिए काफी दुखद और शर्मनाक है । उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में सबसे ज्यादा नुकसान युवा पीढ़ी का हो रहा है इसलिए हमें चाहिए कि यातायात नियमो की पालना चालान के डर से नहीं बल्कि जागरूकता का साथ करें। लोगों को हमेशा दोपहिया वाहन पर हेल्मेट पहनकर और कार व अन्य वाहन पर सीट बेल्ट बांधकर चलाना चाहिए। सड़क हादसों से बचने के लिए सभी यातायात नियमो की पालना व्यक्तिगत स्तर पर ही करनी होगी। इस अवसर पर पुलिस विभाग के तरफ से प्रवाचक उप निरीक्षक विशाल कुमार थाना केयूके एसएचओ निरीक्षक दिनेश कुमार व महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ अमिता शर्मा, एडमिन विकास बंसल, प्रधान श्री सत्यप्रकाश गुप्ता मैनेजर अनसुल बंसल व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ छात्र/छात्राये मौजूद रहे।

## जिले में 11 दिसम्बर से मनाया जाएगा जनकल्याण पर्व, गीता महोत्सव का भी होगा आयोजन




## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**रायसेन। क**लेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय वीडियो कॉफ्रेंस सह बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे ने अधिकारियों को जिले में 11 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहे जनकल्याण पर्व की तैयारियों तथा 11 दिसम्बर को गीता महोत्सव आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। जिले में स्थित भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े हुए विशेष स्थल जामगढ़ में गीता जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सभी जनपदों में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे और जिले में स्थित भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों में भी गीता पाठ, पूजा-अर्चना की जाएगी।

कलेक्टर दुबे ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ तथा अन्य विकासखण्ड अधिकारियों को भी अनुभाग स्तर पर जनकल्याण पर्व और गीता महोत्सव के आयोजन के दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर दुबे ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप जिले में जनकल्याण पर्व अंतर्गत महिला, किसान, युवा और गरीब कल्याण सहित विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए अभी से तैयारियों प्रारंभ कर ली जाएं।

कलेक्टर दुबे ने कहा कि गीता जयंती 11 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिले में भी गीता जयंती पर श्रीकृष्ण परम्परा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विविध गतिविधियां एवं प्रदर्शनी आयोजित की जाएगीं। जिसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्थाएं कर ली जाएं। इसके अतिरिक्त सभी श्रीकृष्ण मंदिरों की साफ-सफाई, श्रृंगार, रौशनी, पूजा-अर्चना किए जाने संबंधी निर्देश भी दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ तथा सीएमओ सहित अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी बैठक में सम्मिलित हुए।

## जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने किसान विश्राम गृह बरवाला में सुनी लोगों की समस्याएं

**हरियाणा/ हिसार।** जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने किसान विश्रामगृह बरवाला में लगाए गए खुले दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी और उन समस्याओं के समाधान हेतु मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए तथा मौके पर मौजूद एक अधिकारी को फटकार भी लगाई`



इस दौरान बरवाला शहर के कुल 19 वार्डों में से 15 वार्ड अनअप्रूव्ड बार` जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि इसी वित्तीय वर्ष अगले तीन महीनों के अंदर-अंदर इस समस्या का समाधान निकाल कर विकास कार्य करवाए जाने का काम करेंगे` उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से जो वायदे किए थे उन वायदो सीवरेज, गली पक्की व सड़कों में सुधार आदि बारे विचार विमर्श करके पूरा किया जाएगा` बरवाला शहर को एक सुंदर शहर बनाया जाएगा`

इस अवसर पर पूर्व चेयरमेन सतबीर वर्मा, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, प्रवीण सैनी, डॉक्टर देशराज वर्मा, देवेंद्र शर्मा देव, डॉक्टर सुरेश जाखड़, मोनू संदूजा, राहुल चोपड़ा, जगत राम मित्तल, रमन मेहता, विपिन गोयल, पार्षद राधेश्याम गूदंली व सुरेश गोयल समेत सैकड़ो की तादाद में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

## रासलीला जीवात्मा और परमात्मा के मिलन की गाथा है : पंडित रेवा शंकर शास्त्री

**सिलवानी। ग्राम** पंचायत जमुनिया के पास मवई गांव में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिवस रविवार के दिन उपस्थित श्रद्धालुओ कों संबोधित करते हुए पंडित रेवा शंकर शास्त्री ने कहा की रासलीला जीवात्मा का परमात्मा से परस्पर मिलन का सुखद संयोग है । इसमें किसी भीप्रकार का कोई लौकिक श्रृंगार कदापि नहीं है , यह विशुद्ध रूप से जीवात्मा और परमात्मा के मिलन की पवित्र गाथा है। माया के आवरण से रहित शुद्ध जीव का ब्रह्म के साथ विलास ही रास है। बृज में जो गोपियां निवास करती हैं वह परम तपस्वी ऋषि मुनियों का बृज में अवतरण है जो ब्रह्म निष्ठ होकर जगत में मनुष्य शरीर में अवतरित हुए हैं।



उनमें किसी तरह का वासनामय अज्ञान का आवरण कदापि नहीं वह अपने स्वरुप को परमात्मा का स्वरूप ही मानती हैं। रेवा शंकर शास्त्री ने बताया कि गोपियों की समस्त इंद्रियां एकाग्र हैं मात्र अपने आत्मस्वरूप को ही पहचानती हैं और भक्ति रस के पान में ही स्वयं को संलग्न करती हैं । अपने आपको वह स्त्री या पुरुष के आवरण से परे आत्म स्वरूप में ही संलग्न पाती हैं । परम योगेश्वर अंतयार्मी पूर्ण ब्रह्म के स्वरूप विकार रहित परमात्मा श्री कृष्ण के सानिध्य में स्वयं को संलग्न करके परमात्मा के सानिध्य का परम पवित्र आनंद अपनी आत्मा में समाहित करती हैं उन्होने कहा कि महारास लीला का आध्यात्मिक महत्वहै सांसारिकता से परे, समस्त जगत के संबंधों से परे, परमात्म स्वरूप में जीव के रमण करने का नाम ही महारास है।बुद्धिहीन लोग भगवान श्रीकृष्ण के इस महारास को केवल लौकिक रूप में देखते हैं। वह अज्ञानी यह नहीं जान पाते कि परमात्मा ने आत्मा को स्त्रीत्व और पुरुषत्व के परे ले जाकर उनको अपने आत्मस्वरूप का ज्ञान कराया है कि मैं भी परमात्मा का दिव्य स्वरूप ही ुद्ध चैतन्य सच्चिदानंद उन परमात्मा का ही स्वरूप हूं। यही रास लीला का दिव्य संदेश है। पंडित रेवा शंकर शास्त्री ने कहा कि ईंट, मिटटी, गारे, सीमेंट के मिश्रण से बना घर मानव का घर नही होता हैं यह घर तो मात्र अल्प समय के लिए होता है।जवकि मानव का सही घर तो भगवान का घर होता हैं.

## अग्र महिला क्रिकेट लीग की ट्रॉफी का विमोचन

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में अग्रवाल वैश्य जागरूक मंडल समिति देवी नगर के तत्वाधान में आठवें अग्र महिला क्रिकेट लीग (एएमपीएल-2025) का आयोजन 22 से 29 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष सुरेश लश्करी ने बताया कि रेलवे ग्राउंड, गणपति नगर में आयोजित किया जाने वाली इस लीग की ट्रॉफी का अनावरण आज मुख्य संरक्षक, सुबोध सिंघल. संरक्षक रामस्वरूप मोर. शिवहरी अग्रवाल एवं अग्रवाल समाज की महिला टीमों द्वारा किया गया। एएमपीएल-2025 मे जयपुर की विभिन्न अग्रवाल समाज की 12 महिला टीमें भाग लेने की उम्मीद है।

## भारत को एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर, बंगलादेश के साथ रखा

**कुआलालंपुर।** भारत को एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बंगलादेश के साथ रखा गया है। मलेशिया के एएफसी हाउस में आयोजित ड्रा में 24 टीमों को चार-चार के छह ग्रुप में बांटा गया। छह ग्रुप से केवल विजेता टीम ही एशियाकप के लिए क्वालीफाई करेंगी। क्वालीफायर फाइनल राउंड 25 मार्च 2025 और 31 मार्च 2026 के बीच होम-एंड-अवे प्रारूप में छह मैच दिनों में होगा। भारत पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए 25 मार्च 2025 को बंगलादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।ड्रॉ के बाद भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कहा, ÷हम पॉट वन टीम हैं और हमें यह दिखाने की ज़रूरत है कि हम क्वालिफाई करने के लिए पसंदीदा क्यों हैं। ग्रुपों के बीच बहुत ज़्यादा अंतर नहीं है। हर ग्रुप मुश्किल है। हांगकांग के खिलाड़ियों ने अपने कोच एशले वेस्टवुड के नेतृत्व में बहुत सुधार किया है। हम मार्च में सबसे पहले बंगलादेश के खिलाफ़ खेलेंगे, जो सैफ चैंपियनशिप में हमारे नियमित प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। हमारे पास छह गेम हैं और हमें एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए ग्रुप में शीर्ष पर बने रहना होगा।

## कोपा डेल रे : तीसरे दौर में बारबास्ट्रो का सामना एफसी बार्सिलोना से, रियल मैड्रिड के सामने डेपोर्टिवो मिनेरो

**मैड्रिड।** चौथे स्तर (आरएफईएफ II) की टीमें बारबास्ट्रो और डेपोर्टिवो मिनेरो कोपा डेल रे के तीसरे दौर में एफसी बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलेंगी, जबकि कप विजेता एथलेटिक क्लब बिलबाओ लॉग्रोन्स के खिलाफ खेलेगा। मैड्रिड में आयोजित तीसरे दौर के ड्रा में, जनवरी के शुरू में स्पेनिश सुपरकप में खेलने वाली चार टीमों ने पहली बार ड्रा में प्रवेश किया, जिसमें वरीयता प्रणाली ने यह सुनिश्चित किया कि वे टूर्नामेंट में बची हुई सबसे कम रैंक वाली टीमों के साथ खेलें, हालांकि सभी छोटी टीमों ने दूसरे दौर में शीर्ष स्तर की प्रतिद्वंद्वियों को बाहर किया है।रियल मैड्रिड के खिलाफ डेपोर्टिवो मिनेरो का मुकाबला स्पेन के दक्षिण-पूर्व में कार्टाजेना में खेला जाएगा और यह मिनेरो को शीर्ष टीम डेपोर्टिवो अलावेस को पेनल्टी शूटआउट के बाद दूसरे दौर से बाहर करने का इनाम है। बारबास्ट्रो ने दूसरे दौर में एस्पेनयोल को हराया और अब वह लगातार दूसरे सीजन में एफसी बार्सिलोना का सामना करेगा, पिछले साल बार्सिलोना ने फर्मिन लोपेज़, राफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के गोलों की मदद से 3-2 से जीत दर्ज की थी।

## सीबीए ने की चीनी बास्केटबॉल हॉल ऑफ फेम 2024 में शामिल किए गए खिलाड़ियों की घोषणा



**बीजिंग।** चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (सीबीए) ने यहां 2024 चीनी बास्केटबॉल हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए खिलाड़ियों की घोषणा की। इस वर्ष हॉल ऑफ फेम में शामिल किये गए खिलाड़ियों में पुरुष एथलीट ली हंटिंग और गोंग शियाओबिन हैं। उत्कृष्ट महिला एथलीटों में यांग जी और मियाओ लिजी शामिल हैं। वहीं, उत्कृष्ट कोच और रिफेरी के रूप में क्रमशः मा किंगशेंग और गुओ युपेई को शामिल किया गया है। इनके अलावा चीनी बास्केटबॉल के एम्बेसडर के रूप में पहचाने जाने वाले ली झेनझोंग, वू चेंगझांग और हुआंग ली को शामिल किया गया है। आज तक, हॉल ऑफ फेम में 42 व्यक्तिगत खिलाड़ी और 3 टीमों को शामिल किया जा चुका है। चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गुओ झेनमिंग ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, हॉल ऑफ फ़ेम एक सुनहरे धागे की तरह है जो इन मोतियों को एक साथ पिरोता है, हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक मूल्यवान हार पेश करता है। यह हमारे युवाओं को प्रेरित करता है और उनके लिए ताकत का स्रोत बनता है। 2024 चीन बास्केटबॉल हॉल ऑफ फेम प्रेरण समारोह अगले साल मार्च में आयोजित होने वाला है।

# मुंबई को स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने के लिए ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन और एमएसएसए ने मिलाया हाथ

**मुंबई।** ड्रीम स्पोर्ट्स की शाखा-ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीएसएफ) ने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित स्कूल खेल संगठनों में से एक-मुंबई स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एमएसएसए ) के साथ पांच साल की साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस और बैडमिंटन पर ध्यान केंद्रित करते हुए 20 खेलों में फैली होगी और इसका उद्देश्य मुंबई को स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करना है। एमएसएसए ने शहर में खेलों के विकास में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। दिलीप वेंगसरकर, सचिन तेंदुलकर, अजीत अगरकर, यशस्वी जायसवाल, पृथ्वी शॉ, चिराग शेट्टी और कई अन्य दिग्गज खिलाड़ी अपनी युवावस्था में एमएसएसए द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में भाग लेते रहे हैं। एमएसएसए के साथ यह सहयोग युवा खेलों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के डीएसएफ के प्रयास में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमएसएसए के जमीनी स्तर के नेटवर्क को डीएसएफ की खेल उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ जोड़कर, इस साझेदारी का उद्देश्य खेल टूर्नामेंटों के आयोजन के लिए नए मानक स्थापित करना है। ये प्रयास भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल नीति 2024 में उल्लिखित लक्ष्यों के अनुरूप हैं।

एमएसएसए के साथ पांच साल की साझेदारी के प्रमुख बिंदु:

- •484 सदस्य स्कूल
- •6-16 वर्ष की आयु के 75,000 युवा एथलीट
- •सभी तरह के खेलों से जुड़े 177 टूर्नामेंट
- •20 खेलों में सक्रिय

Mumbai Schools Sports Association (MSSA)
Est. 1893

DREAM SPORTS FOUNDATION

इस साझेदारी पर ड्रीम स्पोर्ट्स के मुख्य परिचालन अधिकारी और सह-संस्थापक भावित शेठ ने कहा, एमएसएसए के रूप में हम एक ऐसे संघ के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं जो मुंबई की जमीनी स्तर की खेल संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है और जिसने शहर को सालों से गौरवान्वित किया है। खेलों को बेहतर बनाने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप, हम युवा एथलीटों का समर्थन करने और उनकी क्षमता को उजागर करने में मदद करने के लिए उत्साहित हैं। हम ऐसा करते हुए भारत के खेल महाशक्ति बनने के दृष्टिकोण में योगदान देना सुनिश्चित करना चाह रहे हैं। इस साझेदारी के माध्यम से, डीएसएफ, एमएसएसए को मुंबई में हजारों स्कूली छात्रों के बीच फिटनेस और अनुशासन को बढ़ावा देने में मदद करेगा। साथ ही यह सहयोग उनकी मौजूदा चैंपियनशिप की गुणवत्ता को बढ़ाएगा। मुंबई स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जूड रोड्रिग्स ने कहा, हम ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाकर मुंबई के खेल भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। यह सहयोग मुंबई के एथलीटों को फाउंडेशन के विजन और मिशन का पालन करते हुए वक्र से आगे रहने में मदद करेगा। यह साझेदारी मुंबई की शानदार खेल विरासत में एक रोमांचक यात्रा की शुरुआत है।

## उप्र ने आंध्र प्रदेश को चार विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**बेंगलुरु।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद करण शर्मा (48) और वी निगम आठ गेंदों में (नाबाद 27) की तूफानी पारी की मदद से उत्तर प्रदेश ने टी-20 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबले में आंध्रप्रदेश को चार विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली हैं।आंध्र प्रदेश के 156 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश के लिए आर्यन जुयाल और करण शर्मा ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। नौवें ओवर में कोदावंदला सुदर्शन ने आर्यन जुयाल (19) को आउट कर उत्तरप्रदेश को पहला झटका दिया। इसके बाद इसी ओवर में कोदावंदला ने करण शर्मा (48) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। प्रियम गर्ग (10), नीतीश राणा (चार), समीर रिजवी (12) और शिवम मावी (एक) रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह 22 गेंदों में (नाबाद 27) रन और वी निगम आठ गेंदों में (नाबाद 27) ने आतिशी पारी खेली। उत्तर प्रदेश ने 19 ओवर में छह विकेट पर 157 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। आंध्रप्रदेश के लिए कोदावंदला सुदर्शन ने तीन, टी विजय ने दो और एस राजू ने एक बल्लेबाज को आउट किया।इससे पहले आज यहां उत्तर प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आंध्रप्रदेश की टीम ने एस प्रसाद (नाबाद 34) और के वी शशिकांत (23) की आतिशी पारियों की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 156 रनों का स्कोर खड़ा किया।

आंध्र प्रदेश के लिए कप्तान रिकी भुई (23), पायला अविनाश (19), शेख़ रशीद (18), टी विजय (16) और अश्विन हेब्बर ने (11) रनों का योगदान दिया। उत्तर प्रदेश की ओर से भुवनेश्वर कुमार और वी निगम ने दो-दो विकेट लिये। मोहसिन खान और शिवम मावी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# खेल विकास अधिनियम लागू करने वाला पहला राज्य बना पंजाब

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक बड़े कदम में, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब राज्य (खेलों का विकास और प्रचार) अधिनियम, 2024 को लागू करने की मंजूरी दे दी, जिससे ऐसा करने वाला यह देश का पहला राज्य बन गया। खेल विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अच्छाइयों को अपनाना है। उन्होंने कहा कि इससे खेल संघों के कामकाज में पारदर्शिता के लिए कानूनी ढांचा तैयार करने में भी काफी मदद मिलेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का निष्पक्ष चयन भी सुनिश्चित होगा।श्री मान ने कहा कि इससे खेल संघों को सरकारी राशि का समुचित उपयोग करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक जिले में एक विशेष खेल के लिए एक जिला एसोसिएशन को पंजीकृत किया जाएगा। अधिनियम



में यह भी प्रावधान है कि चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा खातों का रखरखाव अनिवार्य होगा और सभी व्यय और आय के स्रोतों का वार्षिक विवरण 31 मई से पहले प्रकाशित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पांच सदस्यीय यौन उत्पीड़न समिति अधिसूचित की जाएगी, जिसमें सभी खेल संघों की कार्यकारी समितियों के सदस्यों में से तीन महिला और दो पुरुष सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर पांच सदस्यीय समिति खेल प्रशासनिक सचिव द्वारा अधिसूचित की जायेगी।

# रोहित को अगले मैचों में पारी की शुरुआत करनी चाहिए: गावस्कर

एजेंसी

**एडिलेड।** पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को अपने स्वाभाविक खेल के अनुसार आगामी मैचों में पारी की शुरुआत करनी चाहिए।

गावस्कर ने दिन रात्रि टेस्ट में मिली भारतीय टीम की हार के बाद कहा, मुझे लगता है कि अगले टेस्ट में रोहित को ही पारी की शुरुआत करनी चाहिए। मैं मानता हूं कि पहले टेस्?ट में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के बीच 201 रनों की साझेदारी हुई थी।

लेकिन इसके बाद लंबा गैप आया और रोहित ने मध्य क्रम में बल्लेबाजी की। मेरा मानना है कि भारत अगले टेस्ट में बहुत अच्छी बल्लेबाजी करेगा। ऐसे में रोहित नई गेंद से बल्?लेबाजी करें यानि ओपनिंग करें, क?योंकि वही उनका स?वभाविक खेल है। उम्मीद है कि राहुल जब बल्लेबाजी करने आएंगे तो वे दूसरी नई गेंद के समय आएंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने गावस्कर की कहा, यही कारण है कि मैं उनको शीर्ष पर चाहता हूं, क्योंकि वहां पर वहां आक्रामक और प्रभावी रहते हैं।



बात काटते हुए कहा, देखिए जो मैंने पर्थ में देखा उसमें दिखा कि केएल राहुल के पास बहुत अच्छी तकनीक है। वह ओपनिंग में बहुत अच्छे से खेल रहे थे, ऐसे में मुझे नहीं लगता कि सीरीज के बीच में ऐसा कोई बदलाव किया जाना चाहिए।

रवि शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से उसी शारीरिक भाषा देखकर लगा कि वह वहां पर अधिक ही शांत था।उन्होंने कहा, तथ्य यह है कि उसने रन नहीं बनाए, मुझे नहीं लगता कि वह वहां पर अधिक मैदान पर था। मैं चाहता था कि वह वहां पर और अधिक जुड़े और अधिक उत्साहित हो।

# भारत को एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर, बंगलादेश के साथ रखा

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** भारत को एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बंगलादेश के साथ रखा गया है। मलेशिया के एएफसी हाउस में आयोजित ड्रा में 24 टीमों को चार-चार के छह ग्रुप में बांटा गया।

छह ग्रुप से केवल विजेता टीम ही एशियाकप के लिए क्वालीफाई करेंगी। क्वालीफायर फाइनल राउंड 25 मार्च 2025 और 31 मार्च 2026 के बीच होम-एंड-अवे प्रारूप में छह मैच दिनों में होगा।

भारत पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए 25 मार्च 2025 को बंगलादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।ड्रॉ के बाद भारत के मुख्य



कोच मनोलो मार्केज ने कहा, हम पॉट वन टीम हैं और हमें यह दिखाने की ज़रूरत है कि हम क्वालिफाई करने के लिए पसंदीदा क्यों हैं। ग्रुपों के बीच बहुत ज़्यादा अंतर नहीं है। हर ग्रुप मुश्किल है। हांगकांग के खिलाड़ियों ने अपने कोच एशले वेस्टवुड के नेतृत्व में बहुत सुधार किया है। हम मार्च में सबसे पहले बंगलादेश के खिलाफ़ खेलेंगे, जो सैफ चैंपियनशिप में हमारे नियमित प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। हमारे पास छह गेम हैं और हमें एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए ग्रुप में शीर्ष पर बने रहना होगा।एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड में भारत के मैच इस प्रकार है:-

25 मार्च, 2025: भारत बनाम बंगलादेश (घरेलू मैदान में),10 जून, 2025: हांगकांग बनाम भारत (विदेश में), नौ अक्टूबर, 2025: भारत बनाम सिंगापुर (घरेलू मैदान में), 14 अक्टूबर, 2025: सिंगापुर बनाम भारत (विदेश में), 18 नवंबर, 2025: बंगलादेश बनाम भारत (विदेश में), 31 मार्च, 2026: भारत बनाम हांगकांग (घरेलू मैदान में)।

## डिंग लिरेन ने गुकेश को हराकर मुकाबले में बराबरी की



एजेंसी

**सिंगापुर।** मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन ने सोमवार शाम को सिंगापुर में फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 12वें राउंड में भारतीय चैलेंजर डी गुकेश को हराकर मुकाबले में छह -छह से बराबरी कर ली हैं। आज यहां लिरेन को मिली इस जीत के साथ दोनों खिलाड़ी 14 बाजियों के बाद 6-6 से बराबरी पर हैं। अभी दो बाजी होनी शेष है।प्रतियोगिता में अब तक 12वें राउंड में गुकेश और लिरेन ने दो-दो जीत दर्ज की है और आठ बाजी ड्रॉ रही। आराम के दिन कोई बाजी नहीं खेली जायेगी। बुधवार और गुरुवार को दोनों प्लेयर्स के बीच फाइनल की शेष दो बाजी होगी। 14 बाजी के बाद भी नतीजा नहीं निकल सका तो टाई ब्रेकर का उपयोग होगा।

# आशू के पंजे और अपने डिफेंडरों के आत्मघाती मूव के कारण पुनेरी पल्टन को घर में मिली लगातार तीसरी हार

एजेंसी

**पुणे।** दबंग दिल्ली केसी ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 102वें मैच में मेजबान पुनेरी पल्टन को 30-26 से हरा दिया। पल्टन को आशू मलिक (13 अंक, पांच अंक की रेड के साथ) के बेहतरीन प्रदर्शन के अलावा 36वें मिनट में अपने डिफेंडरों को आत्मघाती मूव के कारण लगातार तीसरी हार मिली। दूसरी ओर, दिल्ली 10 मैचों से अजेय है। पल्टन के लिए मोहित गोयत (7) ही थोड़ी चमक दिखा सके। डिफेंस में पल्टन ने बेहतर प्रदर्शन कर 8 के मुकाबले 12 अंक लिए लेकिन रेडिंग में वह पिछड़ गई। मैच काफी करीबी जा रहा था लेकिन नवीन की रेड पर दो डिफेंडर्स के सेल्फ आउट होने से वे बैकफुट पर आ गए और इसके बाद उबर नहीं सके। दिल्ली ने तीन मिनट में 3-1 की लीड बना रखी थी लेकिन पल्टन ने आशू को लपक स्कोर 3-4 कर दिया लेकिन डू




ओर डाई रेड पर मोहित को लपक योगेश ने स्कोर 5-3 कर दिया, जिसे नवीन ने दोगुना कर दिया। पल्टन ने हालांकि इसके बाद डिफेंस और रेड में अंक लेकर 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 5-6 कर दिया। ब्रेक के बाद दिल्ली ने 1 के मुकाबले दो अंक लेकर स्कोर 8-6 कर दिया। पल्टन डिफेंस में बेहतर थे लेकिन उनके रेडर्स खुलकर नहीं खेल पा रहे थे। इस बीच डिफेंस ने नवीन को लपक फासला 1 का कर दिया। इस बीच संकेत ने विनय को डू ओर डाई रेड पर लपक स्कोर 8-9 कर दिया। दिल्ली ने हालांकि इसी तरह रेड पर आकाश को लपक हिसाब बराबर किया। इसके बाद आशीष ने पंकज को आउट कर स्कोर 11-8 कर दिया। आशू और नवीन का रिवाइवल हो चुका था। इस बीच मोहित ने पल्टन को एक अंक दिलाया। फिर गौरव ने नवीन को लपक लिया लेकिन दिल्ली के डिफेंस ने पंकज को डू ओर डाई रेड पर लपक स्कोर 12-10 कर दिया। इसी स्कोर पर दिल्ली ने पाला बदला। हाफटाइम के बाद पल्टन ने एक अंक लिया तो आशू ने पांच अंक की सुपर-डुपर रेड के साथ उसे आलआउट की कगार पर ला दिया। दिल्ली 17-11 से आगे थे। अगली रेड पर आकाश ने बोनस लिया तो नादराजन ने आशू को सुपर टैकल कर स्कोर 14-17 कर दिया। फिर आकाश ने योगेश को बाहर कर फासला 2 का कर दिया। नवीन ने हालांकि चार के डिफेंस में एक अंक लेकर पल्टन के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। पंकज ने हालांकि उसे इस स्थिति से निकाल दिया। स्कोर 16-18 था। इसके बाद नवीन को लगातार दो अंक दिला दिए लेकिन मोहित ने अगली रेड पर उनका सुपर टैकल कर 30 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 18-20 कर दिया। ब्रेक के बाद पल्टन ने एक अंक लिया तो आशू ने नादराजन को आउट कर सुपर टैकल आन कर दिया। साथ ही उन्होंने अपना सुपर-10 भी पूरा किया।

# दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका को 109 रनों से हराया

एजेंसी

**कबेखा।** केशव महाराज के पंजे से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन श्रीलंका को 109 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका का 2-0 से सूपड़ा साफा कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

श्रीलंका ने आज पांच विकेट पर 205 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में केशव महाराज ने कुसल मेंडिस (46) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद 225 के स्कोर पर कगिसो रबाड़ा ने कप्तान धनंजय डीसिल्वा (50) को आउट को लगभग मैच से बाहर कर दिया था। इसके बाद मात्र 13 रन जोड़कर श्रीलंका ने अपने तीनों विकेट गवां दिये। प्रभात जयसूर्या (नौ), विश्वा फर्नांडो (पांच) और लाहिरू कुमारा (एक) रन बनाकर आउट हुई। तीनों




ही बल्लेबाजों को केशव महाराज ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम 69.1 ओवर में 238 रन पर समेट कर 109 रनों से मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका ने पहली पारी में 358 रन बनाए। इस दौरान रिकल्टन और काइल वेरेन ने शतक लगाया। रिकल्टन ने 11 चौकों की मदद से 101 रन बनाए। जबकि वेरेन ने नाबाद 105 रन बनाए. कप्तान बावुमा ने 78 रनों का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 317 रन बनाए। इस दौरान बावुमा और एडिन मार्करम ने अर्धशतक लगाए। बावुमा ने 66 रन और मार्करम ने 55 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने पांच विकेट लिये। डेन पैटरसन और कगिसो रबाडा को दो-दो विकेट मिले। मार्को यानसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में रायन रिकलटन (101) और काइल वेरेन (नाबाद 105)रनों की शतकीय और तेम्बा बवूमा (78) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 358 रनों का स्कोर खड़ा किया था।इसके जवाब में श्रीलंका ने पथुम निसंका (89), कमिंडु मेंडिस (48), मैथ्यूज (44), दिनेश चांदीमल (44) रनों के योगदान से 328 रनों का स्कोर बनाया था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में कप्तान तेम्बा बवूमा (60), एडन मारक्रम (55), ट्रिस्टन स्टब्स (47) और डेविड बेडिंघम (35) के योगदान से 317 का स्कोर बनाते हुए श्रीलंका को जीत के लिए 348 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को दूसरी पारी में 238 रन पर सिमेट का मुकाबला जीत लिया। मुकाबले में सात विकेट लेने वाले डेन पीटरसन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया है।

# प्लेआफ से पहले हरियाणा स्टीलर्स ने दिखाया दम, तेलुगू टाइटंस को 21 अंक से हराया

एजेंसी

**पुणे।** प्लेआफ के दरवाजे पर खड़ी हरियाणा स्टीलर्स ने अपनी ताकत का नजारा पेश करते हुए बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 101वें मैच में तेलुगू टाइटंस को एकतरफा अंदाज में 46-25 से हरा दिया। 18 मैचों में हरियाणा की यह 14वीं जीत है जबकि टाइटंस को इतने ही मैचों में आठवीं हार मिली। इस जीत के साथ हरियाणा ने 72 अंक के साथ तालिका में खुद को दूसरी टीमों से मीलों दूर कर दिया है। हरियाणा की जीत में शिवम पटारे (12) के साथ-साथ विनय (7), मोहम्मदरेजा शादलू (5), राहुल सेतपाल (4) और संजय (3) ने चमक दिखाई। दूसरी ओर, टाइटंस के लिए आशीष (13) और विजय (5) ही कुछ खास कर सके।विनय के ड्रीम फार्म की बदौलत हरियाणा ने तीन मिनट में ही 4-1 की लीड बना ली लेकिन आशीष ने हरियाणा के डिफेंस को भेदते हुए मल्टी प्वाइंटर के साथ स्कोर 3-4 कर दिया। विनय ने अगली रेड पर भी बोनस लिया और फिर आशीष की अगली रेड पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला लेकिन फिर हरियाणा के डिफेंस ने मंजीत को घेरकर स्कोर 7-4 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले। हरियाणा की लीड 3 की बना रही। इसके बाद हरियाणा ने लगातार तीन अंक के साथ टाइटंस



के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। फिर शिवम ने टाइटंस को आलआउट की ओर धकेल दिया और फिर 11वें मिनट में आलआउट ले 16-6 की लीड बना ली। ब्रेक के बाद हरियाणा ने लगातार तीन अंक के साथ लीड 13 की कर ली। बीते पांच मिनट में हरियाणा ने शून्य के मुकाबले 11 अंक हासिल किए। इस बीच शादलू ने प्रफुल्ल को लपक टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। टाइटंस इसका फायदा नहीं उठा सके और 6 मिनट के भीतर दूसरी बार आलआउट हो गए। हरियाणा को 25-7 की लीड मिल चुकी थी। बहरहाल, हरियाणा ने 28-9 के स्कोर पर पाला बदला।हाफटाइम के बाद विजय ने शादलू और जयदीप का शिकार कर लिया। हरियाणा ने हालांकि इसक बाद लगातार तीन अंक लेकर फासला 20 का कर लिया। इसके बाद विजय और आशीष ने एक-एक बार शादलू का शिकार कर लिया लेकिन डिफेंस लगातार गलतियां कर रहा था। इस बीच शिवम ने सुपर-10 पूरा किया। 30 मिनट बाद हरियाणा 35-16 से आगे थे। ब्रेक के बाद हरियाणा ने 1 के मुकाबले पांच अंक लेकर 40-17 की लीड बना ली। जीत पक्की देख हरियाणा ने बाकी खिलाड़ियों को मौका देने के लिए तीन बदलाव किए। इस बीच सुपर टैकल सिचुएशन में स्थानापन्न विशाल टाटे ने अंक बटोरा। लेकिन इसके बाद टाइटंस ने सुपर टैकल के अलावा एक और अंक लेकर स्कोर 20-42 कर दिया।जाते-जाते आशीष ने शादलू को एक बार फिर आउट किया लेकिन विशाल ने मल्टी प्वाइंटर के साथ टाइटंस की जख्म पर नमक छिड़कने का काम किया। अब समय खत्म हो चला था और टाइटंस को अपने डिफेंस के कारण बड़ी हार को मजबूर हुए। हरियाणा ने डिफेंस में 5 के मुकाबले 13 अंक हासिल किए जबकि रेड में उसे 17 के मुकाबले 27 अंक मिले।

# 32वें बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह का हुआ रंगारंग शुभारंभ

**सिद्धार्थनगर**

**जिला** स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को 32वें जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह का रंगारंग आगाज हुआ। तीन दिन तक चलने वाले समारोह में तहसीलवार बच्चे विभिन्न खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल व विशिष्ट अतिथि कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने समारोह का औपचारिक शुभारंभ बच्चों से मार्च पास्ट की सलामी लेकर व गुब्बारे हवा में छोड़कर किया। अतिथियों ने शांति के प्रतीक कबूतरों को भी उड़ाया। गत वर्ष की चैम्पियन उस्का बाजार



विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द की प्रीति यादव ने मशाल लेकर मैदान का एक चक्कर लगाया और सभी को क्रीड़ा शपथ दिलाया। बढ़नी के प्राथमिक विद्यालय हलौरा व उस्का के कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को खूब सराहना मिली। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में प्रतिभा की कमी नहीं है.। बस उन्हें निखारने की जरूरत है.। बच्चों के प्रदर्शन को देखकर लगता है.कि शिक्षकों ने काफी मेहनत किया है.। भाजपा सरकार ने बेसिक शिक्षा की बेहतरी के लिए विशेष प्रयास किए हैं। विधायक श्यामधनी राही ने भव्य आयोजन के लिए बीएसए की प्रशंसा किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने प्रतिभागी बच्चों एवं टीमों को सफलता की शुभकामनाएं दिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्रनाथ उपाध्याय, समस्त बीईओ व जिला समन्वयक सहित राधेरमण त्रिपाठी, आदित्य शुक्ला , योगेंद्र पांडेय , रमेश मिश्र, इंद्रसेन सिंह, कलिमुल्लाह , जीशान खलील, सुधाकर मिश्र,हेमंत शुक्ला ,इंद्रजीत यादव , महेश कुमार ,गुलाम हुसैन, महेश कुमार, सत्येंद्र गुप्ताआदि मौजूद रहे।

**प्रथम दिन ये हुई प्रतियोगिताएं**

जिला स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह के प्रथम दिन पीटी प्रदर्शन में इटवा विकास खंड के जूनियर पचपेड़वा के बच्चों ने बाजी मारी। जूनियर चुरिहारी की टीम द्वितीय रही। बालक वर्ग में पन्नी की टीम प्रथम रही। प्राथमिक स्तर में डुमरियागंज की टीम प्रथम रही।प्राथमिक स्तर में बालक वर्ग के 100 मीटर दौड़ में उस्का के प्राथमिक सेखुई के अरसलान प्रथम व बांसी के प्रिंस द्वितीय रहे।जूनियर बालक वर्ग में शोहरतगढ़ के सूरज प्रथम व डुमरियागंज के जय मंगल द्वितीय रहे।

## न्यूटन यादव महुआडीह बने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव

**देवरिया/महुआडीह समाज**वादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी ने एक बड़ा फैसला लेते हुए आगामी चुनाव में पार्टी की मजबूती के लिए ग्राम पंचायत महुआ डीह देवरिया के समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता न्यूटन यादव पर पार्टी अपना भरोसा जताते हुए प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव के पद से नवाजा है पूरे प्रदेश में एक छोटे से कार्यकर्ता को इतना बड़ा पद और जिम्मेदारी मिलने पर सभी कार्यकताओं में खुशी का लहर है आज एक प्रेस वार्ता में प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी न्यूटन यादव ने बताया कि मुझ पर पार्टी ने भरोसा किया है मैं हर संभव पार्टी की नीतियों और बताए हुए हर रास्ते पर चलूंगा और पार्टी को जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश में आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा मैं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हदय की गहराइयों से आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने एक छोटा परिवार से निकलने वाले कार्यकर्ता को प्रदेश में जगह देने का कार्य और प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में तथा जनपद देवरिया के समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ब्यास यादव के कुशल दिशा निर्देशन में मैं पार्टी में दिल से कार्य करूंगा और आगे बढ़ने का हर संभव प्रयास करूंगा इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के अनेकों कार्यकर्ता न्यूटन यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया जिसमें पार्टी जिला अध्यक्ष ब्यास यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम प्रवेश यादव अभय यादव राम प्रकाश चौधरी राजन यादव विकास यादव सत्यपाल यादव अजीत यादव राघवेन्द्र सिंह मनूवर अली दयाशंकर मणि विजय यादव ज्ञानेश्वर बर्नवाल उमेश निषाद चन्दन मद्धेशिया कुलदीप सिंह यादव मुरारी मद्धेशिया राजू यादव विनोद यादव पारस यादव आदि कार्यकताओं ने खुशी जताई



## महिला सुरक्षा दल द्वारा कस्बे की महिलाओं को किया गया जागरूक



**(कानपुर देहात)** डेरापुर जनपद कानपुर देहात मिशन शक्ति विशेष अभियान (फेस 5) व शक्ति दीदी अभियान के तहत कस्बा डेरापुर में महिला सुरक्षा दल की उषा यादव द्वारा बालक एवं बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन ,112 आपातकालीन पुलिस ,181 महिला हेल्पलाइन ,1098 चाइल्ड लाइन ,108 एंबुलेंस सेवा ,102 स्वास्थ्य सेवा 101 फायर बिग्रेड ,के बारे में जानकारी दी गई व लडकियों महिलाओं की सुरक्षा हेतु शोहदों व मनचलों पर निगरानी करते हुए एवं ह्यूमन ट्रैफिकिंग ,चाइल्ड एब्यूज, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की भी जानकारी देते हुए, बाल श्रम उन्मूलन ,व सरकारी योजनाओं व यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं के सावधानी बरतने के संबंध में जानकारी दी गई

## एडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ डेरापुर तहसील दिवस आई 79 शिकायतें



**(कानपुर देहात)**

शनिवार को डेरापुर तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन एडीएम केशव नाथ गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ उन्होंने आयोजित तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया तहसील दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही तहसील दिवस का मुख्य लक्ष्य है कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें एक शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया जिसमें विकास की 21, राजस्व की 32, पुलिस की 12, विद्युत की 17 ,व 7 अन्य शिकायतें प्राप्त हुई वही राजू यादव पुत्र मेवा लाल यादव निवासी बचीत भरथू द्वारा तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गया कि गांव के ही बदन सिंह पुत्र छोटेलाल द्वारा मेरे मकान के सामने सड़क पर जानवरों को चारा खिलाने हेतु नादी बना दी गई है व सड़क पर ही जानवर बांधते है जिससे मेरा रास्ता अवरुद्ध हो रहा है अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि रास्ते में बनी नादी हटवाई जाय इस मौके पर उपजिला अधिकारी भूमिका यादव, क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार, तहसीलदार प्रियंक सिंह ,नायब तहसीलदार जीतेंद्र द्विवेदी, एडीओ पंचायत अखिलेश कुशवाहा ,सहित समस्त विभाग के अधिकारी गण मौजूद रहे

## डीएम ने नवजात शिशुओं को पिलाई पोलियो ड्रॉप

**बांदा। प**ल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ डीएम नगेन्द्र प्रताप ने पीपीसी स्थित बूथ में बच्चों को दो बूंद पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तन ने बताया कि सघन पल्स पोलियो अभियान 8 दिसंबर को बूथ दिवस एवं 9 से 13 दिसंबर तक घर घर भ्रमण कार्यक्रम चलाया जाएगा। 16 दिसंबर को बूथ एवं घर-घर कार्य करने के दौरान पोलियो ड्रॉप से छूटे हुए बच्चों को बी टीम पोलियो ड्रॉप पिलाएगी। इसके लिए जिले में 1024 बूथ बनाए गये हैं साथ ही घर-घर भ्रमण के लिए 633 टीमें बनाई गयी हैं। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी, शिक्षा विभाग और सुरक्षित संगठन के कर्मचारी तथा पर्यवेक्षक लगाए गये हैं। जिले में रविवार को 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाई गयी। माता पिता से अपील की गई कि वह बच्चों को अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं। पोलियो की बीमारी से देश मुक्त हो चुका है लेकिन पोलियो का वायरस पड़ोसी देशों में विद्यमान होने के कारण एहतिआत के तौर पर रिस्क लेना मुनासिब नही है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ विजय शंकर केसरवानी ने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 287282 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाया जाना है। उन्होने जनपद वासियों से अपील की, कि वह पोलियो टीम को सहयोग दें। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ सुनीता सिंह, अजय कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वयं सेवी संस्था से सुनील सक्सेना, गणेश पांडेय, आर सी यूनिसेफ, राधा शर्मा, रोहित कुमार सिंह, डब्ल्यू एच ओ के प्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---------------------

## रोटी बैंक ने बच्चों व बुजुर्गों को बांटे कपड़े, किताबें

बांदा। रोटी बैंक सोसायटी ने शेख सादी जमा के संरक्षण, रिजवान अली की अध्यक्षता और सचिव इदरीस के नेतृत्व में गुरेह गांव में गरीब बच्चों व बुजुर्गों को कपड़े, जूते-चप्पल, किताबों आदि वितरित कीं। रविवार को ग्राम प्रधान गुरेह व शाखा प्रमुख की मौजूदगी व शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के सहयोग से वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। टीम ने गरीब बच्चों, असहायों व बुजुर्ग महिलाओं को कपड़े, जूते-चप्पल बांटे। सोसायटी की महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा ने गुरेह गांव के लोगों को स्वास्थ्य और उनके कानूनी अधिकारों तथा जल बचाने के लिए जागरूक किया। कोषाध्यक्ष इरफान खान ने ग्रामीणों को संगठन के बारे में जानकारी दी। कपड़े, जूते, चप्पल व बच्चों ने किताबें पाकर प्रशन्नता जताई और रोटी बैंक टीम को आशीष दिया। इस दौरान हलीम अहमद खान, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद समीम, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, मोहम्मद अजहर महामंत्री, सहाना अली, हरजाना बेगम, सहाना खान, विजय करन व बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस प्रत्याशी को भाजपाई ब्राम्हणों का समर्थन

**बांदा।** नगर पंचायत बबेरू अध्यक्ष पद का उप चुनाव सपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रशन बन गया है। अध्यक्ष पद पर सपा का कब्जा था। बबेरू विधानसभा क्षेत्र में भी सपा का परचम फहरा रहा है साथ ही सांसद कृष्णा पटेल का बबेरू ग्रह नगर भी है। कृष्णा के पति शिवशंकर पटेल बबेरू से ही विधायक चुनकर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे हैं। लोकसभा चुनाव में धमाकेदार जीत दर्ज करने वाली कृष्णा की पार्टी के लिए यह चुनावी परीक्षा पहली है। दूसरी ओर आम निकाय चुनाव में कुछ 100 मतों से पिछड़ गयी भाजपा उप चुनाव में नए समीकरण के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। इंडी गठबंधन को ताक पर रखकर चुनाव मैदान में कूदी कांग्रेस जाने-अनजाने सपा की ही मददगार बनी है। कांग्रेस के ब्राम्हण प्रत्याशी को भाजपा के खेवनहार बने माननीय तथा गैर ब्राम्हण नेताओं का समर्थन मिल रहा है। बसपा ने किसी को भी पार्टी सिंबल नही दिया लेकिन बसपा के अघोषित उम्मीदवार सहित कुल 10 प्रत्याशी मैदान में डटे हैं। कौन किसका कितना खेल बिगाड़ेगा कुछ कहा नही जा सकता। बताते चलें कि सपा के टिकट पर बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष चुने गये सूर्यपाल यादव के आकस्मिक निधन से उप चुनाव की नौबत आई है। 17 दिसंबर को मतदान होना है। सपा ने सूर्य पाल यादव की विधवा महाबेसिया यादव को प्रत्याशी बनाकर सहानुभूति कार्ड खेला है। लेकिन भाजपा ने पुराने महारथी विजय पाल सिंह के बजाय विवेकानंद गुप्ता पर दांव लगाकर सपा को बैकफुट में धकेलने की कोशिश की है। भाजपा सर्व वैश्य एकता का नारा बुलंद कर बाजी मारने की फिराक में है। इससे सपा ने एक बार फिर पीडीए की राह पकड़ ली है। सपा संगठन के अलावा बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव तथा बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल ने नगर पंचायत अध्यक्ष की संयुक्त कमान संभाल ली है। दोनो दिग्गज सजातीय मतदाताओं को लामबंद करने के साथ ही पिछड़े तथा दलित मत एक करने में जुटे हैं। बबेरू क्षेत्र के निवासी जौनपुर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा भी सपा की जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर नही छोड़ रहे। इस सब के चलते सपा खेमा सफलता दोहराने की आश बांधे है। कांग्रेस का ब्राम्हण उम्मीदवार उतारना सपा को फायदेमंद साबित हो रहा है। ब्राम्हण मतदाता कांग्रेस की तरफ जितना झुकेंगे, भाजपा को उतना ही नुकसान और सपा को फायदा होगा। भाजपा के माननीय, गैर माननीय ब्राम्हणों का कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन की गुपचुप खबरे चुनाव को रोचक बना रही हैं। भाजपा का सर्व वैश्य वोटों पर सारा जोर केन्द्रित है। सपा सांसद कृष्णा पटेल और उनके पति शिवशंकर पटेल के बरक्स भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल व अजय पटेल आदि कुर्मी नेताओं की सजातीयों में पैठ का सवाल भी उछाला जा रहा है। कौन कितना खरा उतरता है यह देखना होगा।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मृत्यु

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई बुजुर्ग गांव में महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए तत्काल मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। गुड्डन 55 नाम की महिला ने खेत में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। छोटी बेटी ने यह देखा और परिजनों को जानकारी दी। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गये लेकिन वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर महिला को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया जहां उसकी मृत्यु हो गयी। महिला के पति ने बताया कि उनके 9 बच्चे हैं। जिनमें एक बेटी की मौत पिछले साल हो गयी थी। इस घटना के बाद से गुड्डन मानसिक तनाव में थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच कर रही है।

## ग्रामीण शिक्षा उत्थान एवं मानव सेवा समिति के द्वारा जरूरतमंदों को बांटे गए गर्म कपड़े

**मंगलपुर (कानपुर देहात)**

**र**विवार को ग्रामीण शिक्षा उत्थान एवं मानव सेवा समिति के द्वारा ,शिक्षकों की एक नेक मुहिम ,आओ हमसब मिलकर करें जरूरतमंदों की मदद मुहिम के तहत जरूरतमंद लोगो को सर्दी से बचाने के लिए नये/पुराने पहनने योग्य कपड़े ,कम्बल ,चप्पल ,जूते ,साड़ी, सलवार शूट का वितरण किया गया।उसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए आज मंगलपुर ,मनकापुर,सुरासी ,सबलपुर, मड़ौली ,कुदौली, चन्द्रकुरा ,भूठा,लाडपुर ,लौवा, जौरवा ,नवाबपुर ,जगदीशपुर ,बरी ,खानपुर, डिलवल,गणेशगंज ,चक्केपुरवा ,शाहपुर आदि 21 गांवों के चयनित 135 जरूरतमन्दों को सर्दी से बचने के लिए कम्बल, एवं 145 जरूरतमन्दों को नये पुराने पहनने योग्य गर्म कपड़े,शलवार शूट ,साड़ी, आदि का वितरण किया गया ,कम्बल एवं कपडे पाकर जरूरतमन्दों के चेहरे खिल गए । अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सन्दलपुर दीपक कटियार ने कहा कि गरीबों की मदद से बढ़कर कोई नेक कार्य नहीं है,जो लोग गरीबों की मदद करते हैं।भगवान उनकी हरसम्भव मदद करते हैं। व्यक्ति को खुशहाल और निरोगी जिंदगी जीने के लिए ज्यादा से ज्यादा गरीबों की मदद करनी चाहिए ,क्योकि इंसान के द्वारा किये हुए कर्मों का फल मिलना सुनिश्चित होता है। समिति संचालक महेन्द्र वर्मा ने आये हुये सभी का ह्रदय से आभार व्यक्त किया ,इस मौके पर श्रीकृष्ण कुशवाहा , गौरव राजपूत, रामजीवन गुप्ता ,रामदुलारे पाल,राजेन्द्र वर्मा, प्रदीप तिवारी ,मनोज श्रीवास्तव ,महेश पाल, विमल पाल,,रमेश यादव,सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे

## पल्स पोलियो की निकली जागरूकता रैली

**बांदा।** पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान की लोगों में जागरूकता के लिए पैरा मेडिकल कालेज के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। रैली का शुभारंभ अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रेखा रानी ने किया। जागरूकता रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर जिला परिषद चौराहा, जामा मस्जिद, अमर टाकीज चौराहा होते हुए वापस पहुंची। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान 8 दिसंबर को बूथ दिवस, 9 से 13 तक घर-घर भ्रमण कार्यक्रम चलाया जाएगा, जबकि 16 दिसंबर को बूथ एवं घर-घर ड्रॉप पिलाने से छूटे हुए बच्चों को बी टीम पोलियो ड्रॉप पिलाएगी। इसके लिए जिले में 1026 बूथ बनाए गये हैं, साथ ही घर-घर भ्रमण के लिए 633 टीमें बनाई गयी हैं। यह 0 से 5 वर्ष तक के 287282 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। उन्होने लोगों से अपील की, कि पोलियो टीमों को सहयोग दें और नन्हे-मुन्हे बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की खुराक जरूर पिलाएं। रैली में डॉ अजय कुमार अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी विजय शंकर केसरवानी, स्वयं सेवी संस्था के सुनील सक्सेना, डल्लू एच ओ प्रतिनिधि एवं स्टॉफ, आज्ञाराम वर्मा, ए आर ओ, ए आर ओ आर आई राधा शर्मा, कुशल यादव, धर्मराज त्रिपाठी व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों तथा अधिकारियों ने भाग लिया।

## जिला जज ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**बांदा। रा**ष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर से जिला जज डॉ बब्बू सारंग ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। इसका उद्देश्य जिला, व तहसील स्तर पर 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों, वादकारियों को लोक अदालत का लाभ दिलाया जाना है। जिला जज अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ अपर जिला जज प्रथम, चंद्रपाल द्वितीय, प्रथम अपर जिला जज डॉ विकास श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एस सी एस टी निरंजन कुमार, अपर जिला जज डीएए, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत छोटेलाल यादव, अपर जिला जज ईसी एक्ट, हेमंत कुमार अपर जिला जज पाक्सो, चंद्रपाल सिंह अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता, सिविल जज सीनियर डिवीजन गरिमा सिंह, सुचेता चौरसिया, वरूणा वशिष्ट, अर्पिता साहू, शिवशक्ति हर्षवर्धन, पवन सिंह तोमर, मुनि कुमार सिंह, कौशल किशोर प्रजापति, सत्यवीर सिंह, रविशंकर जिला अग्रणी प्रबंधक, यातायात निरीक्षक निहाल सिंह व न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री लिटिगेशन, सिविल, मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर, भरण-पोषण, चेक बाउंस, मोटर यान अधिनियम, शमनीय दांडिक वाद, राजस्व, चकबंदी, बैंक रिकवरी, बीमा, टेलीफोन, जलकर, नगर पालिका, कर निर्धारण के विरूद्ध अपील का निस्तारण समझौते के आधार पर किया जाएगा।

## शीघ्र होगा ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन

**बांदा।** शासन से संरक्षित उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति जिले के सभी थाना क्षेत्र के गांवों में अपराध रोकने के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन शीघ्र करेगी। यह समितियां छोटे-छोटे विवादों को निपटाकर सभी थानों में सूची प्रेषित करेगी। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के अध्यक्ष एवं मंत्री समाज कल्याण असीम अरूण के निर्देशन में जिला सचिव, जेल पर्यवक्षक व प्रभारी मंडल चित्रकूट धाम वी पी पांडेय ने बताया कि गांवो में ग्राम सुरक्षा समिति गठित करने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि गांवों में होने वाले छोटे-छोटे विवाद, अफवाहों से बचने और सावधान रहने एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने के साथ ही अजनबी लोगों की पहचान, मादक पदार्थों की बिक्री रोकने जैसे काम समितियां करेंगी। वी पी पांडेय ने बताया कि इसके बाद बच्चों एवं महिलाओं के अंदर सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा की जाएगी। राष्ट्रीय पर्वों पर निकलने वाले जुलूस व अन्य दूसरे मामलों में समितियां पुलिस की मदद करेंगी। इस आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी जे पी तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

## जन शिकायतों का निस्तारण गंभीरता से किया जाए

**बांदा।** तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां 65 शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। तीन शिकायतों का निस्तारण डीएम नगेन्द्र प्रताप ने मौके पर किया। शेष मामलों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिया गया कि आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। समाधान दिवस में राजस्व 22, पुलिस 12, विकास 13, विद्युत 5, समाज कल्याण 1 व अन्य विभागों से संबंधित 9 आवेदन मिले। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निराकरण गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। तहसील बबेरू में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने लोगों की शिकायतों को सुना और उनका निस्तारण किया।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:

उपसंपादक: राकेश द्विवेदी

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारूकी ,

सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

## सुकलन का पूरा में श्रीमद् भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। शुक**लन का पूरा मेंडारा में श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा के छठवे दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक आचार्य पंडित शेष नारायण मिश्र ने श्रीकृष्ण की बाललीला का वर्णन करते हुए कहा कि ईश्वर को अभाव के कारण नही बाधा जा सकता, उन्हे सिर्फ भगवान के प्रभाव व प्रेम से ही बाधा जा सकता है। मंगलवार को कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरुष एकत्रित हुए।कथावाचक ने कहा कि मानव प्रेम भाव से ही ईश्वर को प्राप्त




कर सकता है। उसके श्रीकृष्ण की बाललीला का विस्तार से जानकारी दी। बकासुर उद्धार की कथा सुनाते हुए कहा कि धर्म के प्रति कोई अन्याय कर रहा है, तो उसका विरोध समाज मे होना चाहिए। कथा में पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, देवनारायण, ओम प्रकाश शुक्ल, सूर्य प्रकाश शुक्ल, विनोद कुमार ओझा, बैजनाथ त्रिपाठी, सोनू, बलराम शुक्ल, नन्हे त्रिपाठी, मिथिलेश, अर्चना, कविता, सुनीता, सरस्वती देवी आदि रही राकेश तिवारी आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी